सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाए जाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 के उपधारा 8 के प्रावधान के लिए उधारकर्ताओं के ध्यान को आमंत्रितकिया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

स्वामित्व सम्पत्ति: मैसर्स एनसीएमएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

वह सम्पूर्ण भूमि और जिसमें पवन चक्कियों के साथ वे सभी कृषि भूमि के टुकड़े है जो मिल्स नम्बर-3148 और 3149, शामिल सर्वे नम्बर-74/1 (भाग), 75/6 (भाग) और 75/7 (भाग) जो सभी भाग 3,.25 एकड़ में देवरकुलम गांव, संकरांकोविल तालुक तिरूनेलवेली, जिला तमिलनाडू में स्थित है।

दिनांक: 27.09.2019
स्थान: तिरूनेलवेली

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

प्रपत्र – 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	**प्रभु शांति रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	07/05/2004
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U45201DL2004PTC126261
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	फ्लैट नंबर 2, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक-डी, पॉकेट -5, सेक्टर 15, रोहिणी, नई दिल्ली -110089
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरम्भन की तिथि	13/06/2018
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	02/10/2019
8.	संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता	ई–103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 या irpepoch@gmail.com
9.	धारा 29क के अधीन लागू अग्राह्यता के मानदंड	ई–103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 या irpepoch@gmail.com
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	11 अक्टूबर, 2019 (माननीय एनसीएलटी के अनुमोदन के अधीन)
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	12/10/2019
12.	अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	14/10/2019
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	16/10/2019
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	16/10/2019
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	irpepoch@gmail.com पर ई–मेल करें या ई–103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 से प्राप्त करें।
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	06 नवंबर, 2019 (माननीय एनसीएलटी के अनुमोदन के अधीन)
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	ई –103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 पर भौतिक दस्तावेजों का पूरा सेट
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	08/11/2019
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	**अभिषेक आनंद** IBBI/IPA-002/IP-N00038/2016-2017/10077
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है	**अभिषेक आनंद** **पता :** ई –103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 **ई–मेल :** irpepoch@gmail.com
21.	पता और ई–मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	**पता :** ई –103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 **ई–मेल :** irpepoch@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अधवा के पास उपलब्ध है	**पता :** ई –103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048 **ई–मेल :** irpepoch@gmail.com **अभिषेक आनंद के पास**
23.	प्रपत्र 'जी' के प्रकाशन की तिथि	**02/10/2019**

हस्ता/–
अभिषेक आनंद
समाधान पेशेवर, प्रभु शांति रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के लिए
IBBI/IPA-002/IP-N00038/2016-2017/10077
ई–103, जी के एनक्लेव –1, नई दिल्ली –110048

तिथि: 02/10/2019
स्थान: नई दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण–I, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

ओ. ए नं. 760/2017

कॉर्पोरेशन बैंक आवेदक
विरूद्ध
श्री विजय प्रकाश गुप्ता एवं अन्य प्रतिवादी

सेवा में,
1. श्री विजय प्रकाश गुप्ता (प्रति. नं. 01)
पुत्र श्री रघुबीर प्रसाद गुप्ता, एफ–117, शकूरपुर, नई दिल्ली–110034
और : जीएम, प्रोडक्शन, सुकम पावर सिस्टम लि.
196 सी, उद्योग विहार, सेक्टर –37 गुरुग्राम, हरियाणा –122001
2. सुश्री उमलेश गुप्ता (प्रति. नं. 02) पत्नी श्री विजय प्रकाश गुप्ता, एफ–117, शकूरपुर, नई दिल्ली–110034

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **38,19,203.00** (रु. अडतीस लाख उन्नीस हजार दो सौ तीन मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 09.10.2019 को पूर्वा. 10.30 बजे** माननीय रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **31 अगस्त, 2019** को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
रजिस्ट्रार

ऋण वसूली न्यायाधिकरण–I, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

ओ. ए नं. 358/2018

कॉर्पोरेशन बैंक आवेदक
विरूद्ध
ज़ोन पचेको एवं अन्य प्रतिवादी

सेवा में,
1. श्री ज़ोन पचेको पुत्र श्री लियो पचेको, 184–185, रोहिणी, पॉकेट–3, सैक्टर–25, रोहिणी, दिल्ली–110085, और: ऑपरेशन एनालिस्ट यूनाइटेड एविएशन सर्विसेज, पीओ बॉक्स नं. 54482 दुबई एयरपोर्ट फ्री जोन दुबई, यूएई
2. सुश्री लोर्ना पचेको पत्नी श्री लियो पचेको, 184–185, रोहिणी, पॉकेट–3, सैक्टर–25, रोहिणी, दिल्ली–110085
3. मैसर्स पैबल्स् प्रोलीज़ प्रा. लि. (बिल्डर एंड डेवलपर), इसके निदेशक : ए–169, द्वितीय तल, मंडावली फजलपुर, गंगा राम गली, शकरपुर, दिल्ली–110092, और: सी–56/40, सैक्टर–62, नोएडा, यू.पी–201307

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **72,12,059.00** (रु. बहत्तर लाख बारह हजार उनसठ मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 03.10.2019 को पूर्वा. 10.30 बजे** माननीय रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **31 अगस्त, 2019** को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
रजिस्ट्रार

1250 किलो बेकार प्लास्टिक से बना 1650 किलोग्राम वजन का चरखा

प्लास्टिक कचरे से तैयार सबसे बड़े चरखे का उद्घाटन

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 अक्तूबर।

सेक्टर- 94 स्थित महामाया फ्लाईओवर के पास मंगलवार को प्लास्टिक कचरे से निर्मित विश्व के सबसे बड़े चरखे का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबीन ईरानी ने किया। लोकार्पण के साथ ही इस चरखे का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कर लिया गया। इसे गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कराने की योजना है।

1250 किलो इस्तेमाल हो चुकी बेकार प्लास्टिक से बने इस चरखे का वजन 1650 किलोग्राम है। यह चरखा 14 फुट की ऊंचाई पर 20 फुट लंबा और आठ फुट चौड़ा है। इस अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह व नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सेक्टर-39 में बने पिंक (गुलाबी) शौचालय का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में केंद्रीय मंत्री ने सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र से घर-घर से कूड़ा उठाने (डोर टू डोर) वाली

15 अतिरिक्त गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई। अगले एक सप्ताह में 35 और गाड़ियों को इस बेड़े में शामिल किया जाएगा। कुल 175 गाड़ियां आ जाने के बाद शहर के घर- घर से कूड़ा उठाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक, इस चरखे को चलाया भी जा सकेगा। इस मौके पर

स्मृति ईरानी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां यह जरूर पूछेंगी कि महिला सम्मान के लिए जो अब हुआ वह 70 साल में मुमकिन क्यों नहीं हो सका? आज नोएडा सीईओ ने पिंक शौचालय का उद्घाटन कराया है। कपड़ा मंत्री के नाते आज मैं आनंदित थी, जब प्लास्टिक कचरे से बने एक चरखे का उद्घाटन किया।

प्लागिंग करेंगे लोग

नई दिल्ली । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर देश भर के केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक 'प्लॉगिंग' में नजर आएंगे। प्लॉगिंग एक अनोखी अवधारणा है जिसमें जॉगिंग करते हुए प्लास्टिक कचरा उठाना शामिल होता है। विश्व में किसी एक विद्यालय शृंखला का सबसे बड़ा प्लॉगिंग आयोजन है। इसमें लगभग 2.4 लाख किलोमीटर की अनुमानित दूरी तय की जाएगी।

नोएडा। फिट इंडिया, स्वच्छ भारत एवं प्लास्टिक फ्री इंडिया के साथ प्रतिभागी दौड़ते हुए प्लास्टिक को एकत्र करेंगे। वाहनों के जरिए नोएडा स्टेडियम में प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया जाएगा। इसका इस्तेमाल सीमेंट कंपनियां करेंगी। कार्यक्रम के लिए ड्रोन कैमरों से ऐसे 100 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा था। इसमें 15 हजार लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है।

सफाई के बाद खुला था नाला

घर के बाहर खेल रही बच्ची गिरी, मौत

- परिजनों ने लगाया आरोप, निगम लापरवाही से हुआ हादसा
- निगम कर्मचारियों ने नाले की सफाई कर उसे ढका नहीं

गाजियाबाद, 1 अक्तूबर (जनसत्ता)।

साहिबाबाद में गहरे नाले में गिरने से 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा राजेंद्र नगर सेक्टर-5 में खेतान पब्लिक स्कूल के गेट नंबर-1 के पास मंगलवार सुबह हुआ। वही परिजनों ने घटना का जिम्मेवार नगर निगम को बताया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि 10 दिन पहले नाले की सफाई की गई थी, मगर नाला ढका नहीं गया था।

स्कूल के गेट नंबर एक से करीब 15 कदम की दूरी पर धनपत कॉलोनी चूना भट्टी है। यहां पर अनिल शर्मा और उनकी पत्नी कोमल मकान नंबर 7/12 में रहते हैं। मंगलवार की सुबह परिवार के सभी लोग घर में मौजूद थे। करीब 11 बजे के बीच तीन साल की अनन्या गेट खोलकर बाहर खेलने के लिए चली गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने बाहर ढूंढा। इसके बाद आस पास रहने वाले पड़ोसियों से उसके बारे में जानकारी ली, मगर कुछ पता नहीं चला। लोगों ने पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला। मगर उसका कहीं पता नहीं चला। उसके बाद परेशान होकर पिता अनिल ने दोपहर डेढ़ बजे के करीब शालीमार गार्डन पुलिस चौकी पर बेटी के गुम हो जाने की सूचना दी। दोपहर पुलिसकर्मी जानकारी लेने घर पर पहुंचे। पिता और पुलिसकर्मी बाहर निकल रहे थे तभी किसी पड़ोसी ने घर के सामने कुछ दूरी पर बने नाले में एक नजर देख लेने की सलाह दी। इस पर पिता अनिल डंडा लेकर आए और उसके अंदर तलाशने लगे। तभी उन्हें बेटी का हाथ बाहर नजर आया। यह देखते ही हड़कंप मच गया और वह नाले में बच्ची को निकालने के लिए कूद पड़े। नाले से बाहर निकालने के बाद लोगों ने अनन्या पर पानी डालकर साफ किया। परिजन बच्ची को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह राजबाग कॉलोनी स्थित सेंट प्रिंसेस पब्लिक स्कूल में नर्सरी क्लास में पढ़ रही थी। स्कूल में इंटर्नल पेपर चल रहे थे। इस चलते मंगलवार को स्कूल में छुटटी थी। पिता अनिल शर्मा ने बताया कि 8 दिसंबर को उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाने वाले थे। पिता ने बताया कि उनकी बेटी एक आवाज देने पर तुरंत जवाब देती थी लेकिन आज उस पूरा दिन आवाज देते रहे, मगर नहीं बोली। सफाई के बाद अगर नाले को ढका गया होता तो शायद हादसा नही होता।

केजरीवाल के एनआरसी बयान पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

'एनआरसी' मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के उस विवादित बयान पर हंगामा कर रहे हैं, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि एनआरसी लागू होने पर सबसे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी को बाहर जाना होगा। भाजपा मामले को पूर्वांचल से आए लोगों से जोड़कर देख रही है। मुख्यमंत्री आवास पर हुए प्रदर्शन की अगुआई भाजपा नेता विजय गोयल ने की।

कार्यकर्ता आइटीओ स्थित शहीदी पार्क पर एकत्र हुए और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विजय गोयल ने कहा कि इस बयान से मुख्यमंत्री बिहार, उत्तर प्रदेश व पूर्वांचल से आने वाले लोगों को अपमानित कर दिखा रहे हैं कि इनके प्रति उनके मन में कितना गुस्सा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर वे बिहार से आए लोगों से क्यों चिढ़ रहे हैं। यह लोग भी दिल्ली के विकास में बराबर के भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि यदि बिहार से आए लोग दिल्ली के ऊपर बोझ हैं, तो स्वयं मुख्यमंत्री गाजियाबाद में रहते हैं और मूलरूप से हरियाणा के रहने वाले हैं।

विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान उनकी हताशा व निराशा जताता है। इस बयान से अरविंद केजरीवाल का जन विरोधी चेहरा सामने आ गया है। प्रदर्शन में सरदार आरपी सिंह, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष मनीष सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव, प्रदेश महामंत्री कुलजीत चहल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नीलकांत बख्शी समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद

उपचार करते हैं तो हमें खुशी होती है : मुख्यमंत्री

मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमने आजतक इलाज या शिक्षा के लिए किसी भी क्षेत्र से आए शख्स को इनकार नहीं किया। दिल्ली की बेहतर व्यवस्था की वजह से दूर-दूर से लोग यहां उपचार कराने आते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नई पार्टी है और हम राजनीति में नए हैं। लोगों को उपचार और शिक्षा मिलने से तो हमें खुशी होती है। पूरे देश के अंदर दिल्ली जैसी व्यवस्था होनी चाहिए। दिल्ली सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम किए हैं। देश में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था व शिक्षा तंत्र को मजबूत करना चाहिए।

केजरीवाल का दिल्ली के अस्पतालों में बाहरी लोगों के इलाज कराने पर दिया बयान पर अखिल भारतीय प्रांतीय प्रवासी एवं दलित विकास मंच के अध्यक्ष व बुराड़ी विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गोपाल झा ने मंगलवार को एक बयान में कहा दिल्ली देश की राजधानी है और यहां पूरे देश के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की तलाश में आते है। देश भर से आए इस प्रकार के प्रवासी लोगो से ही दिल्ली की रौनक दिन प्रतिदिन बढ़ी है और बढ़ती जा रही है। ऐसे में केजरीवाल का यह बयान ओछी मानसिकता के साथ पूरे देश भर के प्रवासियों का अपमान है।

टायर बदलते समय बस के नीचे दबकर चालक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 अक्तूबर।

सेक्टर-44 स्थित सोम बाजार के पास मंगलवार सुबह बस का पंचर टायर बदलने के दौरान जैक फिसलने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग घायल चालक को सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना सेक्टर-39 के एसएचओ नीरज मलिक ने बताया कि मूलरूप से बिहार का रहने वाला वीरपाल सिंह (40) बस चालक के रूप में काम करता है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उसकी बस सोम बाजार के पास खड़ी थी। बस का टायर पंचर हो गया था। वीरपाल बस में जैक लगाकर टायर बदल रहा था। इसी दौरान बस में लगा जैक फिसल गया और वीरपाल बस के नीचे दब गया। वहां मौजूद अन्य बसों के परिचालक आदि ने किसी तरह वीरपाल को बाहर खींचा। गंभीर रूप से घायल वीरपाल को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आइपी: शिक्षक ने खोजी मकड़ी की नई प्रजाति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय के पर्यावरण प्रबंधन स्कूल के एक शिक्षक डॉक्टर संजय केशरी दास ने ओड़ीशा के बालेश्वर जिले में मकड़ी (ट्रैपडोर स्पाइडर) खोज की है। इसको 'इडियोप्स नीलागिरी' नाम दिया गया है जो कि माइग्लामोर्फ्स प्रजाति की है। रात को यह मकड़ी अपने खास तरह के घर का छोटा सा दरवाजा खोल देती और वहां से गुजरने वाले छोटे कीड़ों को अपना शिकार बनाती है।

इसकी लंबाई 8 से 13 मिली तक हो सकती है। डॉक्टर दास दिल्ली से कुल्धिया वन्य अभयारण्य में मकड़ियों की विविधता पर कार्य करने के लिए ओड़ीशा गए थे। इसी दौरान उन्होंने नीलागिरी शहर के पास के जंगल में इन्हें अपने सर्वेक्षण के दौरान खोजा। संजय के मुताबिक नीलागिरी शहर अपनी जैविक विविधताओं के लिए जाना जाता है। खोज के दौरान उनके साथ एमएससी की दो छात्राएं दीक्षा और रुही असरा खान भी साथ थीं। इनकी यह खोज एशिया पेसेफिक बायोडाइवर्सिटी जर्नल में प्रकाशित हो चुकी है। इस मकड़ी की आंखें आगे की ओर होती हैं। डॉक्टर दास के मुताबिक, इस खोज के बाद दुनिया में मकड़ी की संख्या 48277 हो गई है और भारत में 1910 हो गई है।

नोएडा में गोली मारकर गायिका की हत्या

दिल्ली में भी दो को मौत के घाट उतारा

नोएडा, 1 अक्तूबर (भाषा)।

थाना बीटा- 2 क्षेत्र की मित्रा सोसायटी के पास मंगलवार रात दो बदमाशों ने एक रागिनी गायिका के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौतम बुध नगर वैभव कृष्ण ने बताया कि 25 वर्षीय गायिका सुषमा को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने थाना बीटा-2 क्षेत्र के मित्रा सोसायटी के पास मंगलवार रात को गोली मार दी। उपचार के लिए उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया की 19 अगस्त 2019 को बुलंदशहर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत मेहसाणा गांव में जब वह एक कार्यक्रम में गाने गई थीं, तब भी उन पर जानलेवा हमला हुआ था। इस संबंध में थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर में एक मामला दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि वह मंगलवार को बुलंदशहर में पुलिस से मुकदमे के सिलसिले में मिलने गई थीं। बुलंदशहर से लौटते समय उन पर हमला हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कल्याणपुरी में युवक को कार सवारों ने गोली मारी, फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी में मंगलवार सुबह कार सवार बदमाशों ने जसपाल सिंह नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। पुलिस आपसी रंजिश सहित अन्य बिंदुओं से जांच रही है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब पांच बजे पीसीआर को सूचना मिली कि एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि घटना के समय कार सवार युवक सड़क पर गाली देते हुए जा रहे थे। जसपाल ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी।

मुंडका में अपना उधार मांगने पर युवक की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

मुंडका में लेन-देन के विवाद में कार सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति की उनके घरेलू सहायक के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद वह फरार हो गए। 40 साल के मंजीत अपने परिवार के साथ हिरन कूदना में रहते थे। वह खेती कराते थे। उपायुक्त राजेंद्र सिंह के मुताबिक मंजीत खेत में सो रहे थे। तभी देर रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार में कुछ युवक पहुंचे और पिस्तौल से मंजीत के सिर में गोली मारी। गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। मंजीत के चाचा सतबीर ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने मंजीत के पिता से उधार में रुपए लिए थे। जिन्हें वह वापस नहीं कर रहे थे।

खबरों में शहर

उन्नाव बलात्कार: मजिस्ट्रेट का बयान दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

उन्नाव बलात्कार मामले की सुनवाई कर रही दिल्ली की विशेष अदालत ने मंगलवार को उन्नाव के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित दो लोगों के बयान दर्ज किए। बंद कमरे में चली अदालती कार्यवाही में मजिस्ट्रेट और एक अन्य गवाह, जिला जज धर्मेश शर्मा के समक्ष पेश हुए। दोनों का नाम सार्वजनिक नहीं किए गए। वकीलों के मुताबिक, पेश इन्हीं मजिस्ट्रेट ने वारदात के बाद बलात्कार पीड़िता की मां का बयान दर्ज किया था। उस समय (11 जून, 2017) उन्होंने पीड़िता की भी आपबीती सुनी थी।

पंडालों के पास चलेगा 'रोको-टोको' अभियान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

दुर्गा पूजा और रामलीलाओं की भीड़ को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों और रामलीला पंडालों के आस पास मोटरसाइकिल और पैदल गश्त कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिले की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और पीसीआर को विशेष तौर पर 'रोको-टोको' अभियान चलाने का फरमान जारी किया गया है। इसके साथ 907 मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग और 317 अवरोधक लगाकर विशेष तौर पर अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त प्रवक्ता अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि आयोजन समितियों के पंडालों के आस पास मचान लगाकर पुलिस के कमांडो नजर रख रहे हैं।

जेल में घर का भोजन चाहते हैं चिदंबरम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम न्यायिक हिरासत में भोजन में घर का बना खाना लेना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अदालत में दरख्वास्त लगाई है। जिसपर अदालत तीन अक्तूबर को फैसला कर सकती है। चिदंबरम फिलहाल तीन अक्तूबर तक तिहाड़ में न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत में लगी अर्जी में कहा गया है कि चिदंबरम (73) को कई बीमारियां हैं और हिरासत में रहते हुए उनका वजन भी कम हुआ है। लिहाजा घर का खाना उनको मुहैया कराने के निर्देश दिए जाने की जरूरत है।

उत्तरी और मध्य दिल्ली में सामान्य हुई पानी आपूर्ति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

यमुना नदी में अमोनिया का स्तर बढ़ने से प्रभावित हुई जलापूर्ति को मंगलवार को सामान्य कर दिया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह जानकारी दी। यमुना नदी में पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र से गंदा पानी आने की वजह से एक दिन पूर्व पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इस पर खुद मुख्यमंत्री निगरानी कर रहे थे। उन्होंने एक दिन पहले ही कहा था कि अगर पानी की किल्लत होगी तो दूसरे संयंत्र से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मंगलवार सुबह पानी की गुणवत्ता में सुधार आने के बाद संयंत्र फिर से चालू किए गए हैं।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया हेबीटाट सेंटर : गांधी जयंती पर कवि सम्मेलन, गुलमोहर सभागार, लोधी रोड, शाम सात बजे।

विविध

इंडिया हेबीटाट सेंटर : फिल्म, स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

बिरला मंदिर : तेजोबिंदु उपनिषद पर व्याख्यान, गीता भवन, बिरला मंदिर, सुबह सात बजे से, 6 अक्तूबर तक।

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मामले) मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 166/2019-20/RDD(RWA)/LATEHAR दिनांक :- 01.10.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा0का0मा0), झारखंड, रांची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	RDD(RWA)/ LATEHAR/09/ 2019-20	बरवाडीह विवेकानन्द चौक से मंगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल- 6.700 कि0मी0)	2,13,56,100.00	दो करोड़ तेरह लाख छप्पन हजार एक सौ रू0 मात्र	12 माह
2	RDD(RWA)/ LATEHAR/10/ 2019-20	एन0एच0-75 बुटन दुबे के घर से कुसुमाटांड भाया मचायत सचिवालय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल- 4.400 कि0मी0)	1,39,59,100.00	एक करोड़ उनचालीस लाख उनसठ हजार एक सौ रू0 मात्र	09 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 11.10.2019
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 22.10.2019 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि:- 23.10.2019 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 24.10.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मामले), झारखंड, रांची, 102 द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, लातेहार के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 218609 (Rural Work Department) 19-20 (D)

बूंद - बूंद नही बरतेंगे तो बूंद को तरसेंगे

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सैल

जिनके लिए सफाई है रोजी-रोटी

जल्दी बात खत्म करो और भी जगह झाड़ू लगाने जाना है

निगम सफाई कर्मचारियों से बातचीत में दिखी उनकी पीड़ा

मीना
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

सुबह के आठ बज रहे हैं। गली में आवाजाही लगी है। मुंह पर लाल रंग का दुपट्टा बांधे हुए राजेश गली में झाड़ू लगाते हुए बात करती हैं और बार-बार कहती हैं कि जल्दी बात खत्म करो, मुझे और भी जगह झाड़ू लगाने जाना है। राजेश देवी 2015 से पूर्वी नगर निगम में सफाईकर्मी हैं। वे बताती हैं कि इससे पहले कई साल कच्चे कर्मचारी के रूप में काम किया अब पक्की हुई हूं। राजेश की दिनचर्या सुबह चार बजे से शुरू हो जाती है।

वे बताती हैं कि घर का काम खत्म कर-के खुद के लिए चार रोटियां बना लेती हूं। वे द्वारका से सुबह छह बजे मंडावली में बने एक कमरे के कार्यालाय में अपनी हाजिरी लगाती हैं। उसके बाद गलियों में झाड़ू लगाने के लिए निकल जाती हैं। वे बताती हैं कि हमारे लिए सफाई केवल घर तक सीमित नहीं है बल्कि जो मोहल्ले हमें सफाई के लिए मिले होते हैं उन सब की सफाई करना हमारा कर्तव्य है। जब किसी मोहल्ले की गलियां साफ दिखेंगी तो हमारे अधिकारी भी हमारी तारीफ करेंगे और सफाई से किसी को नुकसान तो होता नहीं बल्कि हमारा अपना ही स्वास्थ्य ठीक रहता है।

वे कहती हैं कि तन और मन की सफाई भी उतनी ही जरूरी है जितनी सड़कों और गलियों की। राजेश कहती हैं कि लोगों को लगता है कि हम सफाईकर्मी हैं तो गंदे रहते होंगे बल्कि ऐसा नहीं है हम भी अपनी सफाई का उतना ही ध्यान रखते हैं जितना कोई और आदमी। राजेश की शिकायत है कि हम लोगों के लिए सफाई करते हैं लेकिन जो क्षेत्र हमें मिला होता है वहां हमारे लिए कोई ऑफिस नहीं होता। तेज धूप में भी पार्क में बैठकर खाना खाते हैं। बारिश में भी ऐसी ही भीगते रहते हैं। वे कहती हैं कि हम अपना घर छोड़ते हैं तब मोहल्ले को साफ रखते हैं। मैं अपने काम को बहुत सम्मान से देखती हूं। यही हमारी रोजी रोटी है।

बापू की तस्वीर आज भी स्वच्छता के नारों में दिखाई देती है। जब जब स्वच्छता की बात आती है तब तब महात्मा गांधी का जिक्र होता है। दो अक्तूबर को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई जाएगी। गांधी के स्वच्छता पर विचार आज के सफाईकर्मियों के लिए आजीविका का हिस्सा हैं। आज की महिला केवल घर की साफ-सफाई करने के लिए ही नहीं पहचानी जाती है बल्कि उसने सफाई को अपनी रोजी-रोटी का जरिया बना लिया। वे महिला सफाईकर्मी जो निगम में नियमित सफाईकर्मी हैं उनका मानना है कि स्वच्छता हमारी आदत होनी चाहिए। 1998 से निगम में जुड़ी नियमित सफाईकर्मी बबिता का कहना है कि मेरे लिए साफ-सफाई रोजी रोटी का जरिया है। मेरा काम केवल एक दिन हाथ में झाड़ू लगाकर फोटो खिंचाने से पूरा नहीं होता है। हम अपनी रोजी-रोटी के साथ मजाक कैसे कर सकते हैं।

हमें साल के हर दिन मेहनत करनी पड़ती है। तब जाकर बच्चों का पेट पाल पाते हैं। वे कहती हैं कि अगर किसी मोहल्ले की गलियां या नालियां साफ रहती हैं तो वे हमारी बदौलत हैं। अगर हम एक दिन सफाई न करें तो कचरे का ढेर लग जाता है। वे कहती हैं कि स्वच्छता उतनी ही जरूरी है जितना भोजन। बबिता का कहना है कि अगर हम अपने आसपास साफ-सफाई रखेंगे तो हम खुद ही स्वस्थ रहेंगे।

नई दिल्ली

‘आयुष्मान भारत’ की कमियों को दूर किया जा रहा है : मोदी

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ‘आयुष्मान भारत योजना’ की मदद से पिछले एक साल में कम आय वर्ग के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना इसकी कामयाबी का प्रतीक है और पिछले एक साल के अनुभव से सबक लेकर योजना की कमियों को दूर किया जा रहा है।

मोदी ने सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का पहला साल पूरा होने पर इसके अनुभवों पर चर्चा के लिए मंगलवार को आयोजित ‘आरोग्य मंथन’ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महज एक साल में इस योजना के 46 लाख लाभार्थी बहुत बड़ी सिद्धि हैं। साथ ही इस योजना की कामयाबी को सुचारु रखने के लिए इसे व्यवस्थागत तौर पर तकनीक की मदद से कमियों से मुक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच से सात सालों में आयुष्मान योजना रोजगार के 11 लाख से अधिक अवसर सृजित करेगी। मोदी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना के रूप में आयुष्मान योजना विश्व समुदाय के लिए नजीर साबित हुई है। इसकी कामयाबी के बलबूते ही ‘पीएम जय योजना’ सही मायने में ‘गरीबों की जय’ बन गई है।इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान योजना के 33 लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों को सुना। इस अवसर पर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन और राज्य मंत्री अश्विनी चौबे और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

‘पाकिस्तान को किसी भी समय काली सूची में डाल सकता है एफएटीएफ’

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) आतंकियों का वित्त पोषण करने के लिए पाकिस्तान को किसी भी समय काली सूची में डाल सकता है। अगस्त माह में एफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह ने पाकिस्तान को आतंक की ‘काली सूची’ में डाल दिया था क्योंकि वह भारत में हुए कई हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों तक धन पहुंचने से रोकने में विफल रहा था।

सिंह ने रक्षा लेखा विभाग दिवस कार्यक्रम में कहा–आतंक के वित्त पोषण के लिए एफएटीएफ किसी भी वक्त पाकिस्तान को काली सूची में डाल सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में वित्तीय प्रगति के बिना अत्यधिक सैन्यीकरण और गलत नीतियों के चलते ऐसे हालात बन गए हैं कि वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान वैश्विक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक विमान का बंदोबस्त तक नहीं कर पाए।सिंह का यह वक्तव्य उस पृष्ठभूमि में आया है जब इस्लामाबाद के लिए निकले खान और उनके प्रतिनिधिमंडल को मजबूरी में न्यूयॉर्क लौटना पड़ा क्योंकि सऊदी सरकार की ओर से उन्हें दिए गए विशेष जेट विमान में तकनीकी खामी आ गई थी।

नदी में डूबे बीएसएफ के जवान का शव सौंपा पाकिस्तान ने

जम्मू/नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक उपनिरीक्षक का शव मंगलवार को भारत को सौंप दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपनिरीक्षक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जम्मू में पिछले सप्ताह एक नदी में डूब गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि पारितोष मंडल का शव पाकिस्तान क्षेत्र में मिला था और पाकिस्तान रेंजर्स ने शव मिलने के बारे में सूचित किया था। मंडल और दो अन्य जवान 28 सितंबर को भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त के लिए निकले थे। इसी दौरान अरनिया सेक्टर में स्थित एईक नाला में मंडल लापता हो गए थे।

उन्होंने बताया कि मंडल की तलाश में बीएसएफ और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की ग्रामीणों ने भी मदद की थी लेकिन उनका पता नहीं चल पाया था। अधिकारियों ने बताया कि जिस नदी में सैनिक डूबा था, उसका स्तर भारी बारिश के कारण बढ़ा हुआ था। मंडल (54) पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के रहने वाले थे।

राजीव कुमार को अग्रिम जमानत

कोलकाता, 1 अक्तूबर (भाषा)।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को नगर के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को राहत प्रदान करते हुए करोड़ों रुपए के चिटफंड घोटाले में उन्हें अग्रिम जमानत दे दी और कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिसमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जाए।

न्यायमूर्ति एस मुंशी और न्यायमूर्ति एस दासगुप्ता के पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में सीबीआइ कुमार को गिरफ्तार करता है तो उन्हें 50–50 हजार रुपए के दो मुचलके पर सक्षम अदालत जमानत पर तुरंत रिहा करे। पीठ ने कहा कि मामले की जांच कर रही सीबीआइ के साथ वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी कुमार ने सहयोग किया और यह ऐसा मामला नहीं है, जिसमें याचिकाकर्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाए।

एअर मार्शल एचएस अरोड़ा बने वायुसेना उप प्रमुख

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

एअर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा ने मंगलवार को वायुसेना उपप्रमुख का पद्भार संभाल लिया। अरोड़ा ने एअर चीफ मार्शल आरके भदौरिया की जगह ली है, जिन्होंने सोमवार को वायु सेना प्रमुख का पद्भार ग्रहण किया। एअर मार्शल अरोड़ा को दिसंबर 1981 में भारतीय वायुसेना की युद्धक इकाई में शामिल किया गया था। उन्हें वायुसेना के आधुनिक व अन्य लड़ाकू विमानों को उड़ाने का काफी अनुभव है।



रेत खनन मामला : सीबीआइ ने यूपी व उत्तराखंड में 11 जगहों पर छापे मारे

नई दिल्ली/सहारनपुर। सीबीआइ ने सहारनपुर में रेत खनन के अवैध पट्टे आबंटित किए जाने के संबंध में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 11 स्थानों पर तलाशी ली व छापे मारे।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने सहारनपुर में पट्टों के आबंटन के मामले में नई प्राथमिकी दर्ज की है जिसके बाद ये छापेमारी हो रही है। सीबीआइ की टीमों ने सहारनपुर में रेत खनन के पट्टों के आबंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामलों में देहरादून, सहारनपुर और लखनऊ समेत करीब 11 जगहों पर स्थित आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली। (भाषा)

जनसत्ता

स्पष्ट रुख

दो-ढाई महीनों में यह तीसरा मौका है जब भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कश्मीर मसले पर वह तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में हिस्सा लेकर दिल्ली लौटे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिर इसी रुख को दोहराया है कि कश्मीर मुद्दे पर हम कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेंगे। इस मुद्दे पर जो भी बातचीत होनी है, वह द्विपक्षीय ही होगी। पिछले चार दशकों में भारत का यही स्पष्ट रुख है और हम इसी पर कायम हैं। यह बात हाल में एक बार फिर इसलिए उठी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर मामले पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की फिर पेशकश कर डाली। लेकिन विदेश मंत्री का स्पष्ट रुख बता रहा है कि कश्मीर के मुद्दे पर भारत न तो कभी मध्यस्थता का पक्षधर रहा है, न रहेगा। भारत हमेशा से कहता आया है कि जब कश्मीर समस्या दो देशों के बीच की है तो इसमें किसी तीसरे देश को बीच में क्यों पड़ने देना चाहिए! सवाल है कि भारत और पाकिस्तान आपस में क्यों नहीं बात कर सकते? भारत तो कहता ही रहा है कि वह कश्मीर सहित हर मुद्दे पर पड़ोसी देश के साथ बात करने को तैयार है, बशर्ते वह पहले सीमापार आतंकवाद बंद करे। पर पाकिस्तान ऐसा इसलिए नहीं करता कि कश्मीर को लेकर उसकी मंशा ही साफ नहीं है।

पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जिस रणनीति पर चल रहा है, उससे मामला कभी नहीं सुलझने वाला। वह चाहता है कि इस विवाद में कोई ऐसा तीसरा पक्ष बीच में पड़ जाए जो उसके पक्ष में फैसला करवाए। ऐसे में उसे अमेरिका जैसे महाबली देश से बड़ी उम्मीदें हैं और इसीलिए अमेरिका की ओर से भी समय-समय पर मध्यस्थता की बात उठती रही है। इस साल जुलाई के आखिरी हफ्ते में कश्मीर के मुद्दे पर ट्रंप के एक गैर-जिम्मेदाराना बयान ने उस वक्त तूफान खड़ा कर दिया था जब उन्होंने वाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वागत के बाद मीडिया से बातचीत में यह कह डाला कि भारत ने उनसे कश्मीर मसले पर मध्यस्थता करने को कहा है। ट्रंप का कहना था कि मैं भारत के प्रधानमंत्री से मिला था और उन्होंने मुझसे कहा था कि क्या आप कश्मीर मामले में मध्यस्थता करेंगे। लेकिन भारत ने ट्रंप के इस बयान पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जोरदार खंडन किया था और दो-टूक कहा था कि कश्मीर को लेकर उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से ऐसी कोई बात नहीं की।

अगर पाकिस्तान वाकई कश्मीर मसले पर कोई सार्थक वार्ता करना चाहता है तो उसे दूसरे देशों और अंतरराष्ट्रीय मंचों के बजाय खुद सकारात्मक पहल करनी चाहिए। मध्यस्थता की बात तो वह पक्ष करता है जो अपने स्तर पर ऐसी समस्याओं का समाधान कर पाने में खुद को अक्षम पाता हो। सवाल है कि पाकिस्तान को मध्यस्थता की जरूरत क्यों महसूस हो रही है। उसे लगता है कि मध्यस्थता से मामला उसके पक्ष में चला जाएगा। पर ऐसा संभव है नहीं। पाकिस्तान अपनी असलियत अच्छी तरह समझता है। आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी दुनिया उसके खिलाफ है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय किए जाने के मुद्दे को भी दुनिया भर में उठाया और सहानुभूति बटोरने की कोशिश की, लेकिन कहीं कामयाबी नहीं मिली। ऐसे में भारत के नहीं चाहने पर कश्मीर मसले पर कोई क्यों मध्यस्थता करेगा, यह सोचने की बात है।

संकट का पानी

आमतौर पर हर साल ही यमुना में प्रदूषण की वजह से दिल्ली में पेयजल तक का संकट जब गहरा जाता है, तब जाकर सरकार इस दिशा में सक्रिय होती है और इसे दुरुस्त करने का आश्वासन देती है। लेकिन फिर थोड़े वक्त के बाद जब मसले का तात्कालिक तौर पर हल निकल जाता है तो संबंधित महकमे के लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। इसी तरह की उदासीनता की वजह से हर कुछ समय के बाद दिल्ली के निवासियों के सामने पीने के पानी तक की मुश्किल खड़ी हो जाती है। खासतौर पर जाड़े का मौसम शुरू होने के वक्त यह समस्या ज्यादा गहरा जाती है। लेकिन इस बार करीब दो महीने पहले ही यमुना में लगातार औद्योगिक कचरा प्रवाहित किए जाने की वजह से इसके पानी में अमोनिया का स्तर बढ़ गया है। जल बोर्ड के मुताबिक सोमवार को यमुना में अमोनिया का स्तर 3.2 पीपीएम तक पहुंच गया था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पानी लोगों की सेहत के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है। यही वजह है कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन संयंत्रों को पूरी तरह बंद कर देना पड़ा और कई इलाकों के लोगों को पानी की कटौती का संकट झेलना पड़ रहा है।

दिल्ली सरकार का कहना है कि हरियाणा के सोनीपत से यमुना में औद्योगिक कचरा प्रवाहित हो रहा है, जिससे इसके पानी में अमोनिया का स्तर बढ़ा। लेकिन यह कोई पहली बार खड़ी हुई समस्या नहीं है। पिछले कई सालों से लगातार यह स्थिति बनी हुई है। सवाल है कि बार-बार शिकायतें मिलने के बावजूद सरकारों के सामने कौनसी मजबूरियां हैं जिनके चलते वे जहरीला पानी छोड़ने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्ती नहीं बरत पाती हैं? यमुना की सफाई के नाम पर अब तक अरबों रुपए बहाए जा चुके हैं। लेकिन अगर इसमें घुलते जहरीले रसायनों से एक ही तरह की समस्या खड़ी हो जाती है तो आखिर वे पैसे किस काम पर खर्च किए गए? सालों पहले से यह दावा किया जाता रहा है कि सफाई अभियान चला कर यमुना को लंदन की टेम्स नदी की तरह स्वच्छ बना दिया जाएगा। लेकिन आज भी यमुना की हालत देखी जा सकती है कि कई बार इसका पानी नहाने तक के लिहाज से जोखिम भरा माना जाता है। ऐसी स्थिति में पीने की जरूरत के लिए पानी के संकट का अंदाजा भर लगाया जा सकता है।

दरअसल, बरसात के दिनों को छोड़ दिया जाए तो यमुना वैसे ही प्रदूषण की वजह से किसी नदी के बजाय एक बड़े नाले के रूप में बची दिखती है। इसके बावजूद इसके बचे हुए हिस्से से ही जलशोधन संयंत्रों के जरिए दिल्ली में पीने के पानी की बड़ी जरूरत पूरी होती है। मगर जब समूची दिल्ली में पीने तक के पानी पर संकट आ खड़ा होता है तब जाकर आनन-फानन में तात्कालिक उपाय किए जाते हैं। सवाल है कि यमुना जिन इलाकों से गुजरती है, उन राज्यों के संबंधित महकमे यह सुनिश्चित कर पाने में नाकाम क्यों हैं कि नदी में औद्योगिक इकाइयों से निकले जहरीले रसायन नहीं बहाए जा सकें। अगर दिल्ली में यह समस्या हर साल गहरा जाती है तो हरियाणा के साथ मिल-बैठ कर इसके किसी स्थायी हल तक पहुंचने की जरूरत क्यों नहीं लगती है? फिर यमुना में अगर अब भी औद्योगिक कचरा घुल रहा है तो ऐसी स्थिति में सरकारों की क्या जिम्मेदारी बनती है? नदी समूचे समाज के लिए जीवन होती है। लेकिन अरबों के खर्च के बावजूद उसे बचाने का काम अब तक कागजों पर ही दिखता रहा है।

कल्पमेधा

हम ऐसा मानने की गलती कभी न करें कि कोई अपराध आकार में छोटा या बड़ा होता है।
-महात्मा गांधी

गांधी को समझने का समय

जगमोहन सिंह राजपूत

भारत में अवैध खनन, जंगलों की कटाई, जमीन का दुरुपयोग, नदियों के आसपास अतिक्रमण के दुष्परिणाम अब भयावह रूप में सामने आने लगे हैं। कई बार लगता है कि बहुत देर हो चुकी है। आज अगर गंगा प्रदूषित है, तो सत्तासीनों के शर्मनाक लालच का उसमें कम योगदान नहीं है। अनगिनत उदाहरण हैं। कारण स्पष्ट है, नेताओं और गांधी का दम भरने वालों ने गांधी के जाने के बाद उनके सिद्धांतों से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिस तेजी से भारत में गांधी दर्शन और भारत की उनकी समझ की गहराई से उपजी विकास की दृष्टि को नकारा गया, उनके सैद्धांतिक और व्यावहारिक जीवन मूल्यों को भुला दिया गया, उसके परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। यदि केवल कृषि और छोटे उद्योगों के विकास के संबंध में उनकी अवधारणा को अपनाया गया होता तो आज किसान का जीवन सम्मानपूर्ण और गरिमामय होता, शहरों की ओर युवाओं की दौड़ सीमित होती! गांधी दर्शन पर विचार-विमर्श इस शताब्दी के प्रारंभ से कुछ इसी तर्ज पर हो रहा है। सन 1909 में 'हिंद स्वराज' के सौ वर्ष पूरे होने से 2019 में उनके जन्म के एक सौ उनसठ वर्ष के समारोहों के बीच के दशक में यह चर्चा जारी रही है। गांधी के जीवनवृत्त का गहन अध्ययन करने वाले आगे भी उनके व्यक्तिव विकास को लेकर उसे और गहराई से समझाने का प्रयास करते रहेंगे।

चालीस वर्ष की अवस्था में उन्होंने हिंद स्वराज लिखा था। लोगों ने अधिक ध्यान नहीं दिया। बाद में भी उसका सार-तत्व समझने में पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित लोगों ने अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई, क्योंकि उसमें निहित अनेक विचार और विश्लेषण इन लोगों को सतही तौर पर अव्यावहारिक लगते थे। उसके पीछे के दर्शन और गहन चिंतन का जिन्होंने गहराई से अध्ययन किया, केवल वे उसे प्रारंभिक वर्षों में सही ढंग से समझ पाए। आइंस्टीन ने जब सापेक्षता का सिद्धांत दिया था, तब भी अनेक वर्षों तक वैज्ञानिकों में उसे समझ पाने वाले गिने-चुने लोग ही थे। समय के साथ उसका क्रांतिकारी महत्त्व विज्ञान जगत में उजागर हुआ। लगभग उसी प्रकार आज हिंद स्वराज और गांधी दर्शन का अध्ययन करने वालों की संख्या सारे विश्व में लगातार बढ़ रही है और यह वैचारिक विमर्श जीवन के हर पक्ष तक विस्तार पा रहा है।

जिस पश्चिमी सभ्यता के प्रति युवा गांधी ने तल्खी से लिखा था और अनेक आशंकाएं व्यक्त की थीं, उसका असली स्वरूप अब सभी के समक्ष उभर आया है। गांधी ने जीवन के लगभग हर पक्ष पर चिंतन किया और लिखा। उन्होंने गुजराती में बाल पोथी लिखी, शब्दकोश लिखा, बाद में अखबार निकाले, स्वास्थ्य पर लिखा, भाषा पर लिखा, युवाओं के लिए लिखा, प्राकृतिक चिकित्सा पर लिखा, जो लिखा उसे व्यवहार में लाए, अधिकतर तो व्यवहार में लाने के बाद लिखा। हिंद स्वराज लिखने के समय जब एक हाथ थक जाता था तो वे दूसरे से लिखने लगते थे। व्यक्ति निर्माण और शिक्षा का ऐसा कोई पक्ष नहीं है जिस पर उन्होंने लिखा न हो। मातृभाषा, सदाचार, स्त्री शिक्षा, देश भक्ति, आप जो ढूंढ़ें, उनके लेखन में मिल जाएगा।

आज हम शिक्षा में कौशलों की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हैं, गांधी चमड़े की चप्पल बना कर वाइसराय तक को भेंट करने में नहीं हिचकते थे। स्वच्छता के लिए जो उन्होंने किया और लिखा, उसका अनुपालन कितना आवश्यक था, इसकी पहचान अब हो रही है। हर शहर में कूड़े के ढेर लगे हैं जो बढ़ते ही जा रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान ने लोगों का ध्यान तो आकर्षित किया है, मगर दृष्टिकोण परिवर्तन एक कठिन और समय लेने वाली प्रक्रिया है और देश उसी से गुजर रहा है।

युवाओं के लिए गांधी के व्यक्तित्व विकास को समझने में उनके कुछ कालजयी कथन अत्यंत सहायक हो सकते हैं। इनमें पहला है कि 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है'। आज वैश्वीकरण और निजीकरण की चकाचौंध भरी दौड़ में विश्व केवल बाजार बन कर रह गया है, इस दौड़ की भयानक आशंकाएं अब उभर कर सामने आ रही हैं और इनसे हर पीढ़ी शंकित और आशंकित हैं। स्कूलों में विद्यार्थी और बाहर युवा अब समझने लगे हैं कि यह प्रश्न अब सामने दिखाई दे रहा है कि पृथ्वी कितने वर्ष और बचेगी? यह कपोल कल्पना नहीं रही है, वैज्ञानिक अनुमान लगा चुके हैं कि यदि सारा विश्व अमेरिका या यूरोप के स्तर का जीवन यापन करने लगे तो क्रमशः पांच या तीन ऐसे ही अन्य पृथ्वी ग्रहों की आवश्यकता होगी! दो फरवरी 1925 को गांधी ने 'यंग इंडिया' में लिखा था कि भारत कर्मभूमि है, भोग भूमि नहीं। भारत का मिशन, लक्ष्य, उद्देश्य अन्य से भिन्न है। यह देश अपने आत्मिक बल के आधार पर सदा सराहा गया है, यहां लोग जीवन के लक्ष्य, उद्देश्य और अध्यात्म को समझाने, सीखने और आत्मसात करने सदा आते रहे

हैं, और आते रहेंगे। तलवारों और हथियारों की विजय क्षणिक होती है, अध्यात्म और आत्मबल की स्वीकृति सदा के लिए होती है। गांधी इसे भारत का वैश्विक उत्तरदायित्व मानते थे। वे कहते थे-'अहिंसा के पंथ पर चलते हुए मेरा जीवन भारत की सेवा के लिए समर्पित है।' भारत का रास्ता पश्चिम का खूनी रास्ता नहीं है, वह तो साधारण-सामान्य-सरल और ईश्वर-प्रिय आचरण से पनपता है। यही तो भारत की आत्मा है। भारत में इतनी ऊर्जा और इच्छाशक्ति होनी चाहिए कि वह पश्चिम से आ रहे भौतिकवाद के तूफान का धैर्यपूर्वक विश्लेषण कर जहां आवश्यक हो वहां प्रतिरोध भी कर सके, सभी कुछ आंख मूंद कर स्वीकार न किया जाए। यदि हम ध्यान से देखें तो अपरिग्रह की संस्कृति के महत्त्व की सामान्य जनजीवन में सार्वजानिक स्वीकृति का दूसरा उदाहरण किसी अन्य समाज और सभ्यता में इतनी गहनता से नहीं मिलता है जितना बल इस पर प्राचीन भारत के समाज और सभ्यता में मिलता है। विश्व में सारा द्वंद्व, भयानक प्रतिस्पर्धा, आयुधों पर बेतहाशा व्यय, हिंसा और तनाव तो अनियंत्रित संग्रह को लेकर ही है। इसे सरल और संक्षेप में गांधी ने सबके सामने रखा-'प्रकृति में सभी की आवश्यकता पूर्ति के लिए संसाधन उपलब्ध हैं, मगर एक के भी लालच के लिए नहीं।' अफ्रीका के नए स्वतंत्र हुए देशों के अनेक उदाहरण दिए जाते हैं जहां एक सत्तासीन के लालच ने सारे देश की प्राकृतिक धरोहर को बर्बाद कर दिया। भारत में अवैध खनन, जंगलों की कटाई, जमीन का दुरुपयोग, नदियों के आसपास अतिक्रमण के दुष्परिणाम अब भयावह रूप में सामने आने लगे हैं। कई बार लगता है कि बहुत देर हो चुकी है। आज अगर गंगा प्रदूषित है, तो सत्तासीनों के शर्मनाक लालच का उसमें कम योगदान नहीं है। अनगिनत उदाहरण हैं। कारण स्पष्ट है, नेताओं और गांधी का दम भरने वालों ने गांधी के जाने के बाद उनके सिद्धांतों से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है।

इस एक सौ पचासवें वर्ष में क्या गांधी चर्चा अपना कुछ प्रभाव डाल सकेगी? क्या आज के राजनेता कुछ छोटे-छोटे प्रकरण याद रख कर अपना जीवन संवारना चाहेंगे? उनके लिए यह जानना लाभकारी होगा कि गीता का अध्ययन गांधी को जीवन पर्यंत संबल देता रहा! बचपन में हरिश्चंद्र नाटक का उन पर प्रभाव पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका में जिस पुस्तक का उन पर चमत्कारी प्रभाव पड़ा था, वह थी रस्किन की 'अनटू दिस लास्ट' जिसे हाथ में लेकर वे छोड़ ही नहीं सके। एक बार पढ़ कर उन्हें उस रात नींद नहीं आई। वे लिखते हैं- 'मेरा विश्वास है कि जो चीजें मेरे अंदर गहराई में छिपी पड़ी थीं, रस्किन के ग्रंथ-रत्न से मैंने उनका स्पष्ट प्रतिबिंब देखा और इस कारण उसने मुझ पर अपना साम्राज्य जमाया और मुझ से उसमें दिए गए विचारों पर अमल कराया। जो मनुष्य हम में सोई हुई उत्तम भावनाओं को जागृत करने की शक्ति रखता है, वह कवि है।' इसके प्रभाव में आकर गांधी लिखते हैं कि सर्वोदय के सिद्धांत को वे इस तरह समझते हैं: 'एक- सबकी भलाई में हमारी भलाई है, दो- वकील और नाई दोनों के काम की कीमत एक-सी होनी चाहिए, क्योंकि आजीविका का अधिकार सबको एक समान है, तीन- सादा मेहनत-मजदूर का, किसान का जीवन ही सच्चा जीवन है।'

क्या भारत में इसका पुनर्पाठ संभव होगा?

समांतर संघर्ष

भावना मासीवाल

एक संयोग है कि 'बा' और 'बापू' के जन्म के लिहाज से देखें तो दोनों के ही डेढ़ सौ साल हो गए। 'बापू' यानी महात्मा गांधी को तो हम सभी विद्यालयी पाठ्यक्रम की किताबों से लेकर व्यावहारिक शिक्षा में परिवार और समाज में पढ़ते आ रहे हैं, लेकिन 'बा' यानी कस्तूरबा गांधी की चर्चा कम होती है। 'बा' से मेरी पहली पहचान बापू के जीवन परिचय को पढ़ने के दौरान हुई। फिर महात्मा गांधी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' पढ़ी तो जाना कि एक हद तक सीमित पहचान वाली 'बा' ही 'बापू' के प्रयोग यानी अहिंसा, आत्मबल, संयम, उपवास, ब्रह्मचर्य, विश्वास, धैर्य, आत्मविश्वास, निष्ठा, कर्तव्य, सादगी की भोक्ता और दृष्टा रहीं। यही प्रयोग वैश्विक स्तर पर बापू के 'सत्य के प्रयोग' बने, जिन पर भारत और विश्व में खूब चर्चा हुई, लेकिन 'बा' यानी कस्तूरबा गांधी चर्चा का विषय नहीं बन सकीं। जबकि वे आजादी की लड़ाई में अपनी पूरी निष्ठा और बलिदान के साथ मौजूद थीं।

'बा' ने अपने पूरे परिवार, पति, बच्चों को समाज और देश सेवा के प्रति न केवल समर्पित कर दिया, बल्कि अपना जीवन भी प्रेम, समर्पण, त्याग और सेवा के माध्यम से देश को सौंप दिया। सवाल है कि क्या व्यक्ति का शिक्षित वैचारिक आग्रह और राजनीति में सक्रिय हस्तक्षेप ही उसे पहचान दिलाता है? क्या नेपथ्य में काम करने वाले हाथ महत्त्वपूर्ण नहीं? हर पुरुष की सफलता में एक स्त्री का सहयोग होता है। लेकिन मोहनदास करमचंद गांधी को 'महात्मा' बनने में हर स्तर पर सहयोग करने वाली कस्तूरबा गांधी को इतिहास में वाजिब अहमियत नहीं मिल सकी। हालांकि गांधी खुद मानते थे कि 'बा' से ही उन्होंने जीवन में आत्मसंयम और संतुलन सीखा। बापू का जीवन, उनके जीवन के द्वंद्व, तनाव, संघर्ष- सभी कुछ को 'बा' ने संभाला। वे तो परिवार से विरक्त समाज और देश हित के लिए काम करते थे। दूसरी ओर 'बा' परिवार और उसके उद्देश्यों के बीच सामंजस्य लाकर बच्चों को उनसे जोड़ती हैं। वे कस्तूरबा गांधी ही थीं, जो मोहनदास करमचंद गांधी के अहिंसा के सिद्धांत की नींव थीं। सिद्धांत के व्यवहार में सफल प्रयोग से ही सिद्धांत की उपयोगिता सिद्ध होती है।

दुनिया मेरे आगे

भारत की आजादी के आंदोलन में कस्तूरबा गांधी ही वह महिला थीं, जिन्होंने महिलाओं को निजी दायरे से बाहर निकाला और आजादी के आंदोलन में सार्वजनिक भागीदारी का हिस्सा बनाया, आजादी में महिलाओं की अहम भूमिका सुनिश्चित की। 'बा' को लगता था कि महिलाओं को भी असहयोग आंदोलन में सक्रिय योगदान देना चाहिए। वे घर-घर जाकर महिलाओं को असहयोग के दूसरे दौर में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही थीं। उनको समझा रही थीं कि शराब की दुकानों पर धरना दो, यही देश की आजादी की दुश्मन है।

'बा' का महिलाओं का नेतृत्व करना और उन्हें आंदोलन का हिस्सा बनाना दरअसल उनके सरल और अभिमान रहित व्यवहार का प्रभाव था। आशा प्रसाद ने 'कस्तूरबा, कमला, प्रभावती' पुस्तक में लिखा है कि 'बा' के इसी व्यवहार ने देश की साधारण और गरीब स्त्रियों के हृदय जीत लिए थे। इसी कारण नमक सत्याग्रह के समय या अन्य अवसरों पर वे स्त्रियां घर की चारदिवारी से बाहर आईं, समय-समय पर लाठियां खाईं और जेल गईं।' यहां जाति, वर्ग, धर्म किसी भी तरह का भेदभाव नहीं था, बल्कि 'आजादी' के पूरे आंदोलन का एक मत था।

यही वह दौर था जब स्त्रियां सक्रिय रूप से राजनीति और आंदोलन का हिस्सा बन कर उभर रही थीं। यह 'बा' चरित्र का ही गुण था कि महिलाओं ने आजादी के आंदोलन में अपनी भूमिका को पहचाना। बिहार में चंपारण आंदोलन के बाद 'बा' के नेतृत्व में ही 1922 के असहयोग आंदोलन का कार्यभार आया। असहयोग आंदोलन में नेतृत्व के कारण बापू को मार्च 1922 में छह वर्ष के लिए जेल की सजा हो गई। बापू को कारावास में डाले जाने के बाद निराश लोगों को 'बा' संभालती हैं। आशा प्रसाद के मुताबिक, 'उस समय कस्तूरबा का रूप एक वीरांगना की तरह लोगों के सामने उभरा। उन्होंने राष्ट्र के नाम यह हृदय-स्पर्शी संदेश दिया- 'गांधी को दी गई सजा का उत्तर भारत इस तरह से देगा- एक, सभी स्त्री-पुरुष विदेशी कपड़ा पहनना छोड़ दें, खुद खादी पहनें और दूसरों को खादी पहनने के लिए बाध्य करें, दो, सभी स्त्री-पुरुष प्रतिदिन कताई को अपना धार्मिक कर्तव्य समझें और दूसरों को भी कातना सिखाएं-समझाएं और तीन, सभी व्यापारी विदेशी कपड़ों का व्यापार करना छोड़ दें। इस संदेश के बाद विदेशी कपड़ों की होली जलने लगी और घरों में चरखे की धूम मचने लगी।'

असहयोग आंदोलन के बाद 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी 'बा' ने सक्रिय होकर महिलाओं का नेतृत्व संभाला और जेल भी गईं। साहसी, सुदृढ़ और विवेकशील निर्णय लेने वाले व्यक्तित्व के साथ ही अनासक्त और सादगी भरा जीवन उन्हें प्रभावी बनाता था। उन्होंने अस्पृश्यता का विरोध किया और समाज में व्याप्त इस जड़ बुराई का डट कर सामना किया। उनका समर्पण उनके परिवार से अधिक मानवता और देश के प्रति था। 'बा' का जीवन भारतीय स्त्री जीवन का यथार्थ है। ऐसा यथार्थ जो स्त्री होकर बेटी, पत्नी, मां और समाज सेविका जैसे सभी रूपों में संघर्षरत था।

गांधी का रास्ता

आधुनिक भारतीय चिंतन प्रवाह में गांधी के विचार सार्वकालिक हैं। जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है, महात्मा गांधी उतने ही ज्यादा प्रासंगिक होते जा रहे हैं। वे दो अक्तूबर के अलावा भी पूरे विश्व में याद किए जाते हैं। यही प्रमाण है कि वे विश्व विभूति हैं। महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए लेकिन आज पूरे विश्व में भारत के बाद अमेरिका में ही उनकी सबसे अधिक प्रतिमाएं लगाई गई हैं। वे अहिंसा और सत्याग्रह के अग्रदूत थे। अंग्रेजी राज को घुटने टिकाने वाले उनके इस मंत्र का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। सत्याग्रह से लेकर सामूहिक रिहाइश, अपना काम खुद करने की सलाह और पर्यावरण संबंधी कदम (जैसे मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल और जल संरक्षण) जैसे विचार फीनिक्स सेटलमेंट के गांधी आश्रम में जन्मे और पनपे।

गांधी को समझना आसान नहीं, विशेषतः अगर बात उनके अर्थशास्त्र की हो तो। इसका मुख्य कारण यह है कि गांधी विश्व की नैतिक समझ के कारण अपने निष्कर्षों तक पहुंचे, न कि विकास, निवेश, मांग या पूर्ति की समझ के कारण। यही वजह है कि उनके अर्थशास्त्र के विचारों को वामपंथी-दक्षिणपंथी-मध्यमार्गी-कम्युनिस्ट-समाजवादी-पूंजीवादी खांचों में रख पाना संभव नहीं है। वे स्वदेशी, ग्रामीण आत्मनिर्भरता, बड़े उद्योगों के बजाय कुटीर और छोटे उद्योगों और उत्पादन में मशीनों की अपेक्षा श्रम के इस्तेमाल में विश्वास रखते थे। उनका मानना था कि 'इसमें कोई संदेह नहीं कि पूंजी निर्जीव है, पर पूंजीवादी सजीव हैं और उन्हें परिवर्तन के लिए तैयार किया जा सकता है।'

गांधीजी के कई बयान हैं जिन्हें टिकाऊ विकास के लिए उनके विश्वव्यापी दृष्टिकोण के रूप में उद्धृत किया जा सकता है। उन्होंने 1931 में लिखा था कि भौतिक सुख और आराम के साधनों के निर्माण और उनकी निरंतर खोज में लगे रहना ही अपने आप में एक बुराई है। शायद यही कारण है कि मार्टिन लूथर किंग, दलाई लामा, नेल्सन मंडेला, आग सान सू ची और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा तक बापू से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। गांधीजी की आत्मा गांवों में निवास करती थी। उनका मानना था कि किसी देश को जानने के लिए उस देश की राजधानी में नहीं बल्कि उस देश के गांव में जाना चाहिए। दुर्भाग्य है कि गांधी के ही देश में उनके आदर्श विचारों की कद्र नहीं है। आज के दौर में भारत ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय को भी समझना होगा कि गांधी के सुझाए रास्ते पर चल कर ही एक समृद्ध, सामर्थ्यवान, समतामूलक और सुसंस्कृत विश्व का निर्माण किया जा सकता है।

● *अजय प्रताप तिवारी, गोंडा, उत्तर प्रदेश*

आपदा और चुनौती

पटना में भारी बारिश के चलते उपमुख्यमंत्री के घर में पानी घुस जाने पर उनके परिवार को बचाव दल ने निकाला। खास लोगों का यह हाल रहा तो आमजन का क्या हाल होता है यह पीड़ा जनसेवकों को दिल की गहराइयों से महसूस करनी होगी। बिहार सरकार सुशासन का दावा करती है, लेकिन भारी बारिश ने उसके विकास, निर्माण, सुव्यवस्थित नियोजन व सुशासन की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। आम जनता कितनी परेशानी में होगी, इसका एहसास हमारे नेताओं को होना चाहिए। इन आपदाओं से दूर भागने की बजाय उन्हें चुनौती मान कर नियोजित विकास पर जोर देना चाहिए। केवल सुशासन का ढोल पीटने से काम नहीं चलता। उसके लिए सुशासन को जमीन पर हकीकत के रूप में उतारना होता है।

● *हेमा हरि उपाध्याय अक्षत, खाचरोद, उज्जैन*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

मौसम की मार

पिछले तकरीबन एक दशक से लग रहा है कि भारत में मौसम चक्र बदल रहा है। मौसम विभाग घोषणा कर देता है कि 20 जून को मानसून केरल पहुंच जाएगा। फिर तारीख को आगे बढ़ाने का सिलसिला शुरू होता है। मतलब, मौसम का सटीक पूर्वानुमान अब नामुमकिन होता जा रहा है। जब बादलों को बरसना चाहिए तो बरसते नहीं और जब नहीं बरसना चाहिए तो बाढ़ आ रही है। इस साल सितंबर में बारिश ने पिछले सौ साल के कीर्तिमान को ध्वस्त कर दिया है। जो प्रदेश सूखाग्रस्त थे जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि, उन्हें पानी-पानी कर दिया। इतनी अधिक बारिश कि बिहार और उत्तर प्रदेश में तो सवा सौ से ज्यादा लोग मारे गए। साफ-सुथरे शहर पुणे का हाल देखकर लगा जैसे वहां भूकंप आया हो।

यह असल में जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। हम इंसानों द्वारा प्रकृति के अतिशय दोहन का परिणाम है कि जिन देशों का तापमान कभी शून्य से नीचे हुआ करता था आज वह 40 डिग्री को पार कर रहा है। जहां गर्मी पड़ती थी वहां बर्फबारी हो रही है। आज पूरा विश्व मौसम की मार को झेल रहा है। मगर प्रकृति का अनियंत्रित दोहन रोकने को कोई तैयार नहीं है।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

कब्जे की जमीन

कहना शायद गलत न हो कि जमीन हड़पना हमारी फितरत का ही हिस्सा है। अगर खाली पड़ी सरकारी भूमि हो तो पौ-बारह! बंगले भले ही आलीशान हों लेकिन हमारे 'रैंप' और 'गॉर्ड रूम' सरकारी जमीन पर ही बनेंगे। छोटे घरों के छज्जे, सोकपिट और चहारदीवारी का कुछ हिस्सा सड़कों पर होना भी हमारा हक है। जिम्मेवार महकमा भी अपनी गैरजिम्मेदारी का सबूत देने में पीछे नहीं है। हद तो तब है जब सघन आबादी वाले इलाकों में फुटपाथ का इस्तेमाल धड़ल्ले से पार्किंग के लिए किया जाता है। पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जों का दायरा फुटपाथ के पार तक हो जाता है। क्यों न ऐसी लापरवाहियों के लिए भी त्वरित दंड का प्रावधान हो? राहगीरों के लिए फुटपाथ एक अहम जरूरत है जहां सरकारों की उदासीनता साफ झलकती है। अनधिकृत कब्जे पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी भी बेअसर है। निश्चित रूप से एक ईमानदार कार्ययोजना बनाने की जरूरत है ताकि राहगीरों को अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ पर बेरोक-टोक सुरक्षित चलने का हक मिले।

● *एमके मिश्रा, मां आनंदमयीनागर, रातू, रांची*

पर्यावरण मामले में देशों की शिकायत

11 साल की रिद्धिमा पांडे हरिद्वार के भूपतवाला क्षेत्र में स्थित बीएम डीएवी कॉलेज में कक्षा 8 में पढ़ती हैं। न्यूयॉर्क में 16 देशों के बच्चों ने ग्रेटा थनबर्ग के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों को शुद्ध पर्यावरण देने के लिए पेरिस समझौते का पालन करने के मामले में केस दायर किया। रिद्धिमा कहती हैं कि इस समय पर्यावरण का मुद्दा सबसे ज्यादा ज्वलंत है और जिस तेजी के साथ पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, उससे हमारे भविष्य को खतरा पैदा हो गया है।

साहित्य की चेतनामयी साधना

मृणाल वल्लरी
नई दिल्ली।

दिल्ली के एक संभ्रांत इलाके में संभ्रांत स्त्रियों का जमावड़ा शुरू होता है। लगता है कोई किटी पार्टी होगी और थोड़ी हल्की गपशप। लेकिन थोड़ी देर बैठने के बाद ही एक सुखद अनुभव होता है। 'चेतनामयी' नाम की संस्था से जुड़ी इन महिलाओं के हाथ में हाल में प्रकाशित हुआ हिंदी का एक उपन्यास था और सभी महिलाएं उसके पन्ने पलट रही थीं। तभी वहां पर उपन्यास की लेखिका और प्रकाशक, अन्य साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार पहुंचते हैं। फिर शुरू होती है किताब पर गंभीर चर्चा।

दिल्ली

चर्चा की शुरुआत करती हैं साहित्यकार चित्रा मुद्गल। वहां मौजूद महिलाएं बहस में अपना सार्थक हस्तक्षेप करती हैं। बहस का मकसद रचना प्रक्रिया को समझना और उसके वृहत्तर में जाना है। किताब के हर अहम अंश को रेखांकित किया गया और उसे रचनाकार के नजरिए से समझने की कोशिश की गई। सबको बोलने का पर्याप्त समय दिया गया और सबको सुनने की पर्याप्त सहनशक्ति भी दिखी। यहां स्त्रियों के जमावड़े का एक ही मकसद है चेतना के स्तर पर ज्ञान के नए अंश हासिल करना। 'चेतनामयी' की संस्थापक और मार्गदर्शक चित्रा मुद्गल जैसी शीर्ष रचनाकार हैं तो यहां उन रचनाकारों को भी निमंत्रित किया जाता है जिनका रचनाकर्म अभी शुरू ही हुआ है।

साहित्य को पढ़ना भी एक बड़ा साहित्यक कर्म

चित्रा मुद्गल के साथ साधना जैन

साधना जैन का मानना है कि किसी भी काम के लिए वक्त निकालने से ही निकलता है। लिखने-पढ़ने के लिए वक्त निकालने और जगह बनाने की कवायद के बीच यह सब शुरू हुआ। हमें उम्मीद नहीं थी कि हम इतनी जल्दी चेतनामयी स्त्रियों का समूह तैयार कर लेंगे। हमारा कोई बहुत बड़ा साहित्यिक एजंडा नहीं है। स्त्रियां जब चेतना के साथ जुड़ती हैं तो एक नया माहौल रच देती हैं। साहित्य को पढ़ना और उसे समझना भी एक बड़ा साहित्यिक कर्म है।

युवा रचनाकार उस वक्त अद्वितीय अनुभव से गुजरती हैं जब उनकी किसी कविता को वरिष्ठ रचनाकार एक बार और पढ़ने की अपील करती हैं, उनकी लिखी पंक्तियों की कई बार प्रशंसा करती हैं और उनके साथ नए समय और नई पीढ़ी को जीती हैं।

इन दिनों लेखकों, प्रकाशकों से लेकर विद्वानों की सबसे बड़ी चिंता होती है किताबों के घटते पाठक। 'चेतनामयी' संस्था की विशेषता है कि यह अपने सदस्यों के लिए किताबें खरीदती है। एक कार्यक्रम के खत्म होने के बाद दूसरे कार्यक्रम की तैयारी के लिए सदस्यों को किताबें दे दी जाती हैं। ऐसा करते हुए संस्था के पास किताबों का बड़ा संग्रह तैयार हो चुका है।

'चेतनामयी' की धुरी हैं साधना जैन। उनकी कोशिशों से ही इस संस्था का दायरा बढ़ता गया और चेतना संपन्न स्त्रियां जुड़ती गईं। साधना जैन का मानना है कि रोटी, कपड़ा और मकान के झंझटों के बीच हम ज्ञान और चेतना की जरूरतों को कैसे अनदेखा कर सकते हैं।

'चेतनामयी' से जुड़ी स्त्रियों का कहना है कि हमारा मकसद किताबों के तत्त्व ज्ञान से जुड़ा है। अमीर तबके के घरों में किताबें भी आंतरिक सज्जा का हिस्सा हो जाती हैं। कहीं-कहीं तो किताबों की खरीदारी उनकी जिल्द और दीवारों के रंग-संयोजन देख कर की जाती है। कई घरों में आप जाएंगे तो किताबों की हालत बताएगी कि शीशे से बाहर कभी निकली ही नहीं हैं। जन्मदिन या किसी अन्य अवसर पर किताबों के तोहफे देने का चलन खत्म हो रहा है।

लेखक और पाठकों के मिलन स्थलों की पूरे वैश्विक साहित्य में अहमियत रही है। भारतीय साहित्य में देखें तो नवजागरण काल में भारतेंदु हरिश्चंद्र अपनी इस भूमिका में सबसे अग्रणी दिखते हैं। लेखकों और कलाकारों को संसाधन और जगह मुहैया कराने के लिए वे खुद बड़े कर्ज में डूब गए थे। पूरा भारतेंदु काल इस बात का गवाह है कि संभ्रांत समाज में लिखने-पढ़ने को भी एक बड़ी विलासिता मान लिया जाता है और उससे मुखालफत एक बड़ी जंग बन जाती है।

आगरा से लेकर इलाहाबाद, बनारस और पटना उन केंद्रों के लिए जाने जाते थे जहां लेखक और पाठक इकट्ठे होते थे। लेखकों और साहित्यकार को जोड़ने के इस पारंपरिक संस्कार में आज सार्वजनिक जगहों की कमी आड़े आती है। कुछ समय पहले तक किसी शहर या कस्बे की सबसे मशहूर जगह कॉफी हाउस होते थे, जिनमें से ज्यादातर अब बंद हो चुके हैं। नब्बे के दशक के बाद के बने माहौल ने इंसान को जितना अकेला बनाया है अब उस अकेलेपन के खिलाफ आवाज उठने लगी है।

किसी देश-काल में उस वक्त क्या लिखा-पढ़ा जा रहा है, यह उसका आईना होता है। अगर हम अपने समय के लिखे पर बात न करें तो हम अपने समय को जीने से वंचित रह जाएंगे। 'चेतनामयी' के जरिए आधुनिक स्त्रियों ने अपनी निजता से निकल सामूहिकता की चेतना से संपन्न होने की जो मुहिम शुरू की है वह साहित्य की दुनिया में बेहद सकारात्मक संदेश दे रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में पर्यावरण की अलख जगाई हरिद्वार की बेटी ने

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने वाले विश्व के अलग-अलग जगहों के 16 बच्चों ने पांच देशों की सरकारों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत दर्ज कराई है। स्वीडन की 16 साल की ग्रेटा थनबर्ग के साथ जो 16 बच्चे इस मुहिम में शामिल हुए थे,उन्हीं में से एक है हरिद्वार की रिद्धिमा पांडे।

सफल मुहिम के बाद अमेरिका के न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय से हरिद्वार लौटी रिद्धिमा पांडे बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में उसे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पर्यावरण को लेकर उसने अपनी बात रखी। रिद्धिमा की माता विनीता पांडे भी अपनी लाडली बेटी की इस कामयाबी से बहुत खुश हैं।

रिद्धिमा भारत की अकेली बेटी हैं जिन्हें ग्रेटा की 16 सदस्यीय टीम में शामिल होने का मौका मिला। रिद्धिमा की इस कामयाबी पर संत समाज भी बेहद खुश नजर आया। परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद मुनि खुद उनका स्वागत करने देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर मौजूद थे। स्वामी चिदानंद मुनि ने कहा कि दो साल पहले ही रिद्धिमा उनके परमार्थ आश्रम में उनसे आशीर्वाद लेने गंगा तट पर आई थी। तब उन्होंने रिद्धिमा से कहा था कि एक दिन तुम भारत का नाम रोशन करोगी और उन्होंने यह कर दिखाया। बचपन से ही उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता है। रिद्धिमा की मां विनीता पांडे का कहना है कि उन्होंने पूरे भारत का नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र में किया। और आज लोग मुझे रिद्धिमा की मां के नाम से जानते हैं। यह एक मां के लिए बहुत बड़े गर्व की बात है।

छोटी सी उम्र में अपने पिता से मिली प्रेरणा के कारण रिद्धिमा लगातार जलवायु परिवर्तन के लिए लड़ाई लड़ती रहती हैं। उन्हें पता है कि हमारे समाज और देश पर जलवायु परिवर्तन का क्या असर पड़ रहा है। रिद्धिमा के पिता दिनेश पांडे पर्यावरणविद् हैं और मां विनीता पांडे उत्तराखंड के वन विभाग में कार्यरत हैं। इसलिए रिद्धिमा को घर में ही पर्यावरण के बारे में बचपन से जानकारियां मिली हैं। रिद्धिमा को 2013 में केदारनाथ में आई आपदा ने झकझोर दिया । जब उसने इसके बारे में मीडिया खबरें देखीं तो उन्होंने तभी संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्य करेंगी।

2017 में रिद्धिमा ने पृथ्वी की रक्षा के लिए हुए पेरिस समझौते का भारत में पूरी तरह से पालन न होने के खिलाफ राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी)में अपील की। जिसे एनजीटी ने यह कहकर खारिज कर दिया कि भारत सरकार पेरिस समझौते का पूरा पालन कर रही है। एनजीटी के इस फैसले के खिलाफ रिद्धिमा ने उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में अपील की है।

रिद्धिमा ने ऋषिकेश और हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा में बढ़ते प्रदूषण और हरिद्वार के वातावरण के बिगड़ते स्वरूप के बारे में भी अध्ययन किया है। इस अध्ययन में बताया गया है कि कांवड़ मेले के दौरान दंगा में प्रदूषण बेहद बढ़ जाता है और हरिद्वार और ऋषिकेश का पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ता है। रिद्धिमा पर्यावरण की रक्षा के लिए जन जागरण कार्यक्रम भी अपने स्तर पर चलाती हैं।

रिद्धिमा को नार्वे की पर्यावरण से जुड़ी एक संस्था एक्सवाइएनटीईओ ने 9 और 10 अक्तूबर को आयोजित पर्यावरण संरक्षण को लेकर हो रही अंतरराष्ट्रीय गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बुलाया है। इस गोष्ठी का विषय पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन है।

पर्यावरणविद् राजेंद्र कुमार अग्रवाल का कहना है कि रिद्धिमा कि यह महत्त्वपूर्ण कामयाबी बच्चों को नई प्रेरणा देगी और रिद्धिमा ने पर्यावरण की रक्षा के लिए जो अलख जगाई है, वह वास्तव में काबिले तारीफ है।

कभी कांग्रेस के खेवनहार रहे गैर जाट मतदाता छिटके

अजय पांडेय
नई दिल्ली।

हरियाणा में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी के लिए दलित-जाट समीकरण पर काम किया है लेकिन इसके उलट भाजपा ने गैर जाट-गैर दलित मतदाताओं का जाल बुना है। छोटे-छोटे जाति समूहों के मिश्रण के बूते भाजपा ने दूसरे कई सूबों में सत्ता के रथ की कामयाब सवारी की है। कांग्रेस ने अपने जातीय समीकरण में अन्य पिछड़ा वर्ग पर ध्यान केंद्रित नहीं किया है जो कि मौजूदा समीकरणों में सत्ता के दरवाजे की महत्त्वपूर्ण चाभी है।

हरियाणा

हरियाणा सूबे के करीब 1.83 करोड़ मतदाताओं के जातीय समीकरण की बात करें तो इनमें एक चौथाई यानी करीब 25 फीसद जाट हैं। दूसरे नंबर पर दलित आते हैं जिनके हिस्से में 20 से 22 फीसद वोट हैं। इनके अलावा अहिरवाल के अहीर करीब 16 फीसद, पंजाबी 8 से 10 फीसद, ब्राह्मण 8 फीसद, राजपूत 5 फीसद, सिख 4 फीसद, गुर्जर 2.8 फीसद, सैनी 2.5 फीसद, कम्बोज 2 फीसद और मुसलिम 5 फीसद हैं।

कांग्रेस ने हरियाणा में इस बार सूबे के कद्दावर जाट नेता और दो बार के मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दलित समुदाय की कुमारी सैलजा की चुनावी जोड़ी को उतारा है। हुड्डा चुनाव

प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैं तो सैलजा प्रदेश अध्यक्ष हैं। संख्या बल की दृष्टि से इन दोनों समुदायों का वोट जोड़ दें तो यह करीब 47 फीसद बनता है। इसी प्रकार मुसलिम वोट भी कांग्रेस के पाले में आने पर आंकड़ा 50 के पार पहुंचता है। चूंकि यह पार्टी हर वर्ग और जाति की सियासत करती आई है, लिहाजा हर वर्ग में उसका वोट होने का दावा किया जाता है। दूसरी ओर भाजपा ने पंजाबी समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की अगुआई में चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है और सूबे की 90 सदस्यीय विधानसभा में 75 पार का नारा दिया है। यह माना जा रहा है कि किसी जमाने में कांग्रेस के पीछे खड़ी होने वाली गैर जाट जातियां पंजाबी, ब्राह्मण, वैश्य, अहीर, राजपूज, कम्बोज सहित कई अन्य जातियां आज भाजपा के साथ खड़ी हैं। यहां तक की जाट समुदाय का भी एक हिस्सा भाजपा की ओर खड़ा दिख रहा है।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रहे जितेन्द्र प्रसाद कहते हैं कि पिछले लोकसभा चुनाव में रोहतक जैसी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा की हार इस बात का सूबत थी कि जाटों का वोट भी बंट गया। सूबे के सर्वाधिक ताकतवर समझे जाने वाले जाटों का झुकाव लोकदल व इनेलो के साथ रहा। दूसरी ओर चाहे दलित हों, पंजाबी हों, ब्राह्मण हों या तमाम अन्य जातियां हों, कांग्रेस के साथ रहीं। चाहे अहिरवाल के ताकतवर नेता राव वीरेन्द्र सिंह व बाद में उनके बेटे राव इन्द्रजीत सिंह हों अथवा ब्राह्मणों में भगवत दयाल शर्मा से लेकर पंडित चिरंजीलाल शर्मा तक कांग्रेस में रहे। दलित तो कमोबेश हमेशा ही कांग्रेस के साथ खड़े रहे। पेशे से शिक्षक व चौधरी देवीलाल और अन्य नेताओं की सियासत को करीब से देखने वाले एक जानकार की मानें तो चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री बनने के बाद कांग्रेस इनेलो के जाट वोट बैंक में सेंध लगाने में कामयाब रही। यही वजह रही कि हुड्डा दो बार मुख्यमंत्री बने और कांग्रेस की हुकूमत चलाई। लेकिन उनकी सरकार में भी जाटों के वर्चस्व के मद्देनजर जो गैर-जाट जातियां इनेलो के बदले कांग्रेस के साथ खड़ी होती रहीं उन्हें यह महसूस हुआ कि अब इनेलो के बाद अब कांग्रेस में भी जाटों का ही वर्चस्व ज्यादा है।

कालेजों में हर शनिवार लगेगी खुशी की पाठशाला

आशीष दुबे
नोएडा।

उत्तर प्रदेश के डिग्री और स्नातकोत्तर कॉलेजों में छात्र/छात्राओं को तरोताजा बनाने और प्रतिभा को निखारने के लिए खुशी की पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शनिवार को डिग्री और स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगने वाली खुशी की पाठशाला में शिक्षक की भूमिका उसमें पढ़ने वाले छात्र/ छात्राएं निभाएंगे।

यूपी

मेरठ और सहारनपुर मंडल का उच्च शिक्षा विभाग इसे 4 अक्टूबर से लागू करेगा। इसके तहत कॉलेजों की प्रत्येक संकाय में प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों को धैर्यवान और मानसिक अवसाद अथवा दबाव से मुक्त किया जाएगा।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। बढ़ती बेरोजगारी और मंदी के चलते नौकरियों में कटौती उनकी चिंता को और बढ़ा रहा है। भविष्य की चिंता आदि दबाव के चलते कम उम्र में ही छात्र/छात्राएं तनावग्रस्त हो रहे हैं। इस उबाऊ दिनचर्या को दूर करने और प्रतिभा को बढ़ावा देकर आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए खुशी की पाठशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मेरठ और सहारनपुर मंडल के कुल 18 सरकारी, 50 अशासकीय अनुदानित और 1002 स्ववित्त पोषित विद्यालय हैं। इनमें तीन लाख छात्र-छात्राएं विभिन्न विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं। संचालित होने वाली खुशी की पाठशाला के दौरान निगरानी रखने के लिए कॉलेज के दो शिक्षक उपस्थित रहेंगे।

छात्रों का कमाल : बिना बिजली खाना होगा गर्म

सुशील राघव
नई दिल्ली।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली के विद्यार्थी अपने शोधों के जरिए आम लोगों की समस्याओं के नए-नए हल लेकर सामने आ रहे हैं। अनुसंधानों को उद्योगों तक ले जाने के उद्देश्य से आइआइटी दिल्ली में हाल ही में उद्योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के विद्यार्थियों ने खुद से विकसित किए उत्पादन और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया। इनमें से कुछ के बारे में आज हम यहां बता रहे हैं।

बिना बिजली खाना होगा गर्म

आइआइटी दिल्ली से एमटेक कर रहे अमित जैन और हर्षित जैन ने 'हीटोमेट' नाम का खाना गर्म करने के लिए एक ऐसा हीटर विकसित किया है जिसके लिए न तो बिजली की आवश्यकता है और न किसी भी तरह के ईंधन की जरूरत है। इन दोनों ने एक छोटा 'तकियानुमा' उत्पाद तैयार किया है जिस पर पानी डालने से वह गर्मी पैदा करता है। इसी गर्मी के जरिए खाने को आसानी से गर्म किया जा सकता है।

एक-दो महीनों में बाजार में आने वाले इस उत्पाद की कीमत मात्र 50 रुपए है जिसमें तीन इकाई मौजूद होती हैं। हर इकाई एक बार ही उपयोग की जा सकती है। इस उत्पाद के पेटेंट के लिए आवेदन किया गया है।

दिल्ली/देश

शाकाहारी भी खा सकेंगे अंडा भुर्जी

आइआइटी दिल्ली के अनुसंधानकर्ताओं ने शाकाहारी लोगों के लिए सब्जियों और दालों पर आधारित 'अंडा भुर्जी' विकसित की है। आइआइटी दिल्ली में इंक्यूबेटिड प्लांटमेड कंपनी ने शाकाहारी लोगों के लिए सिर्फ अंडा ही नहीं बल्कि विभिन्न तरह के मांस और पनीर भी तैयार किया है।

इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहीं डॉक्टर काव्या दशोरा ने बताया कि हमने पेड़-पौधों से मिलने वाले प्रोटीन से 'मॉक मीट' विकसित किया है। यह स्वाद और देखने में बिलकुल असली मांस की तरह दिखता है लेकिन है यह पूरी तरह से शाकाहारी। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही अंडा भुर्जी और ऑमलेट बाजार में उतारने वाले हैं।

बीस साल तक देगा बदबू से निजात

आइआइटी दिल्ली से पोस्ट डॉक्ट्रेरट कर रहे डॉक्टर मोहम्मद फराज ने बदबू को खत्म करने का आसान और सस्ता तरीका खोज निकाला है। डॉक्टर फराज ने बताया कि उन्होंने जो 'ऑडोर किलर' विकसित किया है, उसमें फिल्टर को 20 सालों तक बदलने की जरूरत नहीं होगी। इसकी कीमत 500 रुपए तक हो सकती है।

प्लास्टिक से बनाया 45 रुपए प्रति लीटर डीजल

आइआइटी दिल्ली से कैमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहीं उमा द्विवेदी ने प्लास्टिक की समस्या से निजात दिलाने का नायाब तरीका खोज निकाला है।

उन्होंने प्लास्टिक या पॉलीथीन के छोटे-छोटे टुकड़ों का उत्प्रेरक सॉलिड एसिड जियोलाइट्स के साथ रसायनिक प्रतिक्रिया करके डीजल बनाया है।

क्यों जरूरी है प्लास्टिक पर रोक

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली।

प्लास्टिक के बढ़ते कचरे का एक बहुत बड़ा हिस्सा टेट्रा पैक का भी है। टेट्रा पैक भी एक सिंगल यूज प्लास्टिक है जो धरती की सांसे अवरुद्ध और पानी को विषैला कर रही है। हर साल भारत में 630 करोड़ फेंके हुए टेट्रा पैक एकत्र नहीं किए जाते हैं। भारत में प्लास्टिक कचरे का 42 फीसद हिस्सा बहु-परतीय पैकेजिंग से निकलता है। कई तरह के पदार्थों (मल्टी मैटेरियल) को मिला कर तैयार होने वाली पैकेजिंग धरती पर खतरनाक रसायनों को छोड़ने के लिए अधिक संवेदनशील है।

देश

क्या है टेट्रा पैक

टेट्रा पैक्स को पॉलीथिन प्लास्टिक (20 फीसद), कागज (75 फीसद)और एल्यूमिनियम (5 फीसद) की पतली परतों को आपस में चिपकाकर बनाया जाता है, जिसके कारण इन्हें परत दर परत अलग कर पुनर्चक्रित करना काफी कठिन है। ऊर्जा व संसाधन संस्थान (टीईआरआइ)के अनुमान के अनुसार भारत में हर साल 900 करोड़ टेट्रा पैक का इस्तेमाल किया जाता है जिनमें से मात्र 270 करोड़ (30 फीसद) पैकेट ही पुनर्चक्रित किए जाते हैं। बचे हुए 630 करोड़ पैकेट्स जो कि 94500 मैट्रिक टन कचरे के बराबर हैं (15 ग्राम प्रति पैक), हर साल कचरा भराव क्षेत्रों और पानी को प्रदूषित करते हैं।

जटिल व महंगा है इनका पुनर्चक्रण

भारत में प्रत्येक मिनट लगभग 15,000 टेट्रा पैक खरीदे और फेंके जाते हैं। विश्व की सबसे बड़ी टेट्रा पैक निर्माता कंपनी (टेट्रा पैक) की ओर से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक भारत में टेट्रा पैक को पुनर्चक्रित करने के लिए मात्र चार इकाइयां आइटीसी पेपर, डीलक्स रिसाइकलिंग, ईस्टर्न कार्गो और खातेमा फाइबर्स हैं। देश में टेट्रा पैक्स को एकत्र करने और उन्हें पुनर्चक्रित करने की प्रणाली अत्यंत कमजोर है और पुनर्चक्रण से पूर्व परतों को अलग करने के लिए अत्यंत उच्च स्तर की तकनीक की आवश्यकता होती है। वर्तमान में भारत में प्रतिदिन इस्तेमाल किए जाने वाले टेट्रापैक, ब्रिक्स के डिब्बों की भारी संख्या को एकत्र करने के लिए सिर्फ 33 कलेक्शन सेंटर काम कर रहे हैं। टेट्रा पैक संगठन 2010 से गो ग्रीन मुहिम चला रहा है लेकिन अब तक मात्र 26 लाख फेंके हुए टेट्रा पैक ही एकत्र कर सका है।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, मुंबई के पूर्व अपर निदेशक और शोध व विकास कार्य के मुखिया डा संजय के चट्टोपाध्याय ने कहा कि टेट्रा पैक नॉन-रिसाइक्लेबल लैमिनेट हैं और जैविक तौर पर पूरी तरह से अपघटित नही होते। हालांकि कागज का गत्ता जैविक तौर परअपघटित हो जाता है लेकिन प्रिंटिंग इंक पर्यावरण में जाती है। समस्त पैकेजिंग, जिसमें प्लास्टिक की परत होती है, यदि लंबे समय तक पर्यावरण में पड़ी रहती है, तो यह पर्यावरण प्रदूषण और स्वास्थ्य खतरों को उत्पन्न कर सकती हैं। यदि हम इस्तेमाल के बाद पुनर्चक्रण की बात करें तो ये व्यवहारिक नही है कि टेट्रा पैक में मौजूद पॉलीएथलीन, कागज के गत्ते और

एल्यूमिनियम की अत्यंत पतली परतों को अलग किया जा सके और इसलिए ये पुनर्चक्रण के लिए उपयुक्त नही है। हालांकि,आजकल टेट्रा पैक के कागजी भाग को पृथक कर पैनल बोर्ड और छत की शीट्स जैसे पुनर्चक्रित उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन असली गुणवत्ता वाले पुनर्चक्रित उत्पाद टेट्रा पैक के तत्वों से नही बनाए जा सकते। इसलिए यह प्रणाली रेखीय यानी एक बार प्रयोग लायक ही रहती है न कि चक्रीय, जिससे इसे सस्टेनेबल बनाया जा सके। टेट्रा पैक बनाने वाली कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक तौर पर हर साल 189 बिलियन टेट्रा पैक्स का उत्पादन किया जाता है जिसमें से 26 फीसद पुनर्चक्रित किए जाते हैं, अर्थात 139 बिलियन पैक्स पूरे विश्व में एकत्र नही किए जाते। पर्यावरण पर काम करने वाली संस्था पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति संस्थान ने यह मांग भी की है कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। संस्थान के अध्यक्ष व पं दीनदायल उपाध्याय के भतीजे वनोद शुक्ल ने कहा कि टेट्रा पैक के निर्माण में प्रयोग आने वाला प्लास्टिक पतली पॉलीथिन बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक की तरह ही होता है जो मानव स्वास्थ्य और धरती मां के लिए अत्यंत हानिकारक होता है।

सच्चाई व भ्रांति

टेट्रा पैक को लेकर कई तरह की भ्रांतियां है। हममें से अधिकतर सोचते हैं कि टेट्रा पैक कागज से बनाए जाते हैं और इसलिए वे पर्यावरण के प्रति अनुकूल हैं। लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। यह ऐसी पैकेजिंग है जिसमें कई सामग्रियों का प्रयोग होता है और इस कारण इसे पुनर्चक्रित करना काफी कठिन है। इनका घर पर दोबारा इस्तेमाल नहीं हो सकता है और पुनर्चक्रण शृंखला में इसकी कीमत मामूली है। टाक्सिक वाच आलायंस के संयोजक गोपाल कृष्ण ने कहा कि वर्तमान में भारत में प्लास्टिक कचरे में से 42 फीसद बहु-परतीय पैकेजिंग से होता है। कंपनियां इसे री साइकिल करने का दावा तो करती है लेकिन दरअसल वह डाउन साइकिलिंग होता है यानी हर बार चक्रित किए जाने के साथ इसकी गुणवत्ता उत्तरोत्तर खराब होती जाती है।

सभी याचिकाओं पर सुनवाई 14 नवंबर से

पेज 1 का बाकी

एक हफ्ते के भीतर इनका जवाब देना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा- हमें केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को अपना जवाब दाखिल करने की अनुमति देनी होगी अन्यथा हम इस मामले का फैसला नहीं कर सकते हैं। पीठ ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त करने के मामले में अब और कोई नई याचिका दायर करने पर भी रोक लगा दी। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल हैं।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों से कहा- हमने उन्हें (केंद्र और जम्मू-कश्मीर) जवाब दाखिल करने के लिए समुचित वक्त दिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय देने के अनुरोध का विरोध कर रहे थे।

पीठ ने कहा कि यह सोचना ही अनुचित होगा कि 31 अक्तूबर से पहले कोई फैसला या आदेश दिया जाएगा। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा कि नए कानून के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य 31 अक्तूबर को दो केंद्र शासित राज्यों में तब्दील हो जाएगा और इसलिए इन याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई करने व इस दौरान यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने की आवश्यकता है।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को अस्वीकार कर दिया कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर को 28 अगस्त की सुनवाई के आलोक में अपने जवाब दाखिल करने चाहिए थे। पीठ ने कहा- हमें सरकार को जवाब दाखिल करने की अनुमति देनी ही होगी।

पीठ ने केंद्र और जम्मू-कश्मीर के जवाब का इंतजार करने पर जोर देते हुए कहा-यदि याचिका स्वीकार हो गई, तो क्या हम पहले की स्थिति बहाल नहीं कर सकते? इससे पहले सुनवाई शुरू होते ही अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने के पांच अगस्त के केंद्र के फैसले से पहले ही दायर की गई याचिकाओं का मुद्दा उठा। कुछ याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने तो अनुच्छेद 370 के प्रावधानों और अनुच्छेद 35-ए की संवैधानिकता को पहले ही चुनौती दे रखी है।

पीठ ने रजिस्ट्रार (न्यायिक) सूर्य प्रताप सिंह को बुलाया और इस विषय पर लंबित याचिकाओं की जानकारी प्राप्त करके अदालत को सूचित करने का निर्देश दिया। इस मामले में जब कुछ वकीलों ने हस्तक्षेप करने की अनुमति मांगी तो पीठ ने कहा- यदि हर कोई याचिका दायर करना चाहेगा तो यहां एक लाख याचिकाएं हो जाएंगी। इससे तो काम नहीं चलेगा। कृपया ऐसा नहीं करें। यह अनावश्यक रूप से मामले में विलंब ही पैदा करेगा।

सतपाल सांगवान जजपा में शामिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्टूबर।

हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सूबे के नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री रहे सतपाल सांगवान और पार्टी के पूर्व राज्यसभा सासंद ईश्वर सिंह अपने समर्थकों सहित जननायक जनता पार्टी (जजपा) में शामिल हो गए।

फडणवीस को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्टूबर।

कांग्रेस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अदालत ने फडणवीस के खिलाफ दो लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी कथित रूप से मुहैया नहीं कराने के मामले में सुनवाई का आदेश दिया। कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने हलफनामे में दो आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हलफनामा मामले में सुनवाई आगे चलेगी। उन्होंने कहा कि नैतिकता और भाजपा दोनों विपरीत दिशा में चलते हैं। लेकिन फिर भी हमारा यह कहना है कि जब आपराधिक मामला चलता है तो उन्हें (फडणवीस को) नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार नहीं है। गोहिल ने कहा कि अगर आरोपी मुख्यमंत्री पद पर बैठा रहेगा तो कानूनी प्रक्रिया में रुकावट आ सकती है।

हरियाणा में कांग्रेस आज जारी कर सकती है सूची

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी किए जाने के आसार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की दो-दो दौर की बैठक के बावजूद पार्टी उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। दूसरी ओर 78 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुकी भाजपा में भी बाकी बची एक दर्जन सीटों को लेकर मंथन चलता रहा। दो मंत्रियों सहित सात विधायकों के टिकट काट चुकी पार्टी अब नुकसान की भरपाई में जुटी दिख रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित निवास पर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक दोपहर बाद 3 बजे शुरू हुई। करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, मुकुल वासनिक, के सी वेणुगोपाल, अंबिका सोनी, मोहसिना किदवई, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के प्रभारी महासचिव गुलाम नबी आजाद आदि तमाम नेता उपस्थित थे। इस बैठक के बाद पार्टी सूत्रों ने बताया कि कुछ सीटों को लेकर फैसला नहीं हो पाने की वजह से एक बार फिर से केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। दूसरे दौर की बैठक के बाद ही पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी।

हरियाणा कांग्रेस के टिकटों की घोषणा होने से पहले ही महम विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक आनंद सिंह डांगी के पर्चा दाखिल कर दिए जाने को लेकर पार्टी में अंदरखाने नाराजगी जताए जाने की भी खबरें हैं। हालांकि किसी भी नेता ने आधिकारिक तौर पर इस मुद्दे पर कुछ कहने से इनकार किया। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस ने देशव्यापी पदयात्राओं का आयोजन किया है, लिहाजा पार्टी उम्मीदवारों की सूची दोपहर बाद जारी किए जाने के आसार हैं।

इधर भाजपा में भी 12 बची हुई सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए मंथन हुआ।

जम्मू-कश्मीर में बीडीसी चुनाव 24 को

पेज 1 का बाकी

होगा। मतों की गिनती भी उसी दिन दोपहर तीन बजे से शुरू हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव की यह प्रक्रिया पंचायती राज व्यवस्था का दूसरा स्तर है जो पांच नवंबर तक संपन्न होगी। कुमार ने बताया कि यह चुनाव दलगत आधार पर होंगे और 26,629 पंच और सरपंच मतदान करने और बीडीसी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के योग्य हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न कारणों से पंचों और सरपंचों के करीब 24 फीसद (12,766) पद खाली पड़े हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जम्मू संभाग से 18,000 से ज्यादा पंच व सरपंच चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं, जबकि कश्मीर संभाग में सिर्फ 7,528 निर्वाचित पंच व सरपंच हैं। लद्दाख क्षेत्र के करगिल में 841 और लेह में 744 मतदाता हैं।

भारत भूमि की भक्ति करने वाला ही हिंदू

पेज 1 का बाकी

सभी को अपना ही मानते हैं। उन्होंने कहा, 'संघ सब कुछ करे, यह नहीं सोचना है। संघ के कारण ही सब कुछ हो रहा है, यह विचार बन गया तो संघ की आंशिक पराजय होगी।' भागवत ने कहा कि संघ में विचारों की स्वतंत्रता है, कोई ऐसा करे ही, इस प्रकार का कोई बंधन नहीं है। अनेक मत होने के बाद भी सब साथ चलते हैं, मतभेद होने के बाद भी मनभेद नहीं होता है ।

सरसंघचालक ने समलैंगिक वर्ग का नाम लिए बिना उनके परोक्ष संदर्भ में कहा, 'वे भी मनुष्य हैं। उनका भी समाज जीवन में स्थान है। महाभारत के युद्ध में इसी वर्ग से एक योद्धा ऐसा भी था, जिनके पीछे धनुर्धारी अर्जुन को भी खड़ा होना पड़ा था।'

पीड़िता के पिता ने जताई परिवार को फंसाए जाने की आशंका

पेज 1 का बाकी

दावा किया कि उन्हें खबर मिली है कि चिन्मयानंद और उनके साथी उन्हें व उनके परिवार को किसी झूठे मामले में फंसा सकते हैं ताकि वह अपनी बेटी के लिए न्याय की लड़ाई न लड़ सकें। कथित पीड़िता के पिता ने कहा कि जिला अदालत से उनकी बेटी की जमानत अर्जी खारिज हो गई है। अब इस मामले को लेकर वह हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने तीन दिन पहले कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी को पत्र लिखकर उनसे इस न्याय की लड़ाई में मदद मांगी थी। पीड़िता ने 24 अगस्त को एक वीडियो वायरल कर स्वामी चिन्मयानंद पर गंभीर आरोप लगाए थे। उसके बाद लड़की लापता हो गई थी। बाद में वह राजस्थान में मिली थी। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की विशेष जांच दल से तफ्तीश कराने के आदेश दिए थे। एसआइटी ने अपनी जांच के बाद स्वामी चिन्मयानंद को लड़की के यौन शोषण और संबंधित लड़की व तीन अन्य को चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने के आरोप में जेल भेज दिया था।

दरअसल

फडणवीस को करना होगा मुकदमे का सामना

पेज 1 का बाकी

पीठ ने अपने फैसले में देवेंद्र फडणवीस द्वारा दो लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने के मामले में बंबई हाई कोर्ट का आदेश निरस्त कर दिया।

पीठ ने अपने फैसले में कहा, 'प्रतिवादी (फडनवीस) को दो लंबित मामलों की जानकारी थी। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले सतीश उकी की अपील पर यह निर्णय दिया। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि फडणवीस को इन कथित अपराधों के लिए जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत मुकदमे का सामना करने की जरूरत नहीं है। अदालत ने इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि इस पर फैसला बाद में सुनाया जाएगा।

अदालत ने उस समय टिप्पणी की थी कि फडणवीस द्वारा 2014 में चुनाव के समय हलफनामे में दो आपराधिक मामलों की जानकारी नहीं देने की भूल चूक के बारे में मुकदमे की सुनवाई के दौरान फैसला हो सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उसका सरोकार बहुत ही सीमित मुद्दे पर है कि क्या पहली नजर में इस मामले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 125ए आकर्षित होती है या नहीं।

यह प्रावधान गलत हलफनामा दाखिल करने की सजा के बारे में है और इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्रत्याशी या उसका प्रस्तावक किसी लंबित आपराधिक मामले के बारे में नामांकन पत्र में कोई भी जानकारी उपलब्ध कराने में विफल रहता है या इसे छुपाता है या गलत जानकारी देता है, तो ऐसे व्यक्ति को छह महीने तक की कैद या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। उकी की दलील थी कि फडणवीस ने दो लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी नहीं देकर गलत हलफनामा दाखिल किया और इसके बावजूद निचली अदालत व हाई कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने के लिए पहली नजर में इसमें कोई मामला नहीं बनता है। ये दोनों आपराधिक मामले कथित कपट और जालसाजी के हैं जो फडणवीस के खिलाफ 1996 और 1998 में दायर हुए थे लेकिन इनमें अभी तक आरोप निर्धारित नहीं किए गए थे।

'विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए अभियान चलाए पुलिस'

पेज 1 का बाकी

सामने आई है। वर्तमान परिदृश्य में उत्तर प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों व अन्य विदेशी नागरिकों की पहचान करने और इस संबंध में विधि सम्मत कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है। डीजीपी कार्यालय से यह पत्र मीडिया को मंगलवार को जारी किया गया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक जनपद के बाहरी छोर पर स्थित रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सड़कों के किनारे और उसके आसपास नई बस्तियों आदि स्थानों का चिह्नांकन तत्काल कराया जाए, जहां इस तरह के बांग्लादेशी व अन्य विदेशी नागरिक शरण लेते हैं।

इस अभियान में पूर्ण सर्तकता व वीडियोग्राफी के साथ नियमानुसार सत्यापन अभियान चलाया जाए। पत्र में उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अगर कोई अपना पता राज्य के अन्य जिलों में बताए तो समयबद्ध तरीके से संबंधित राज्य के जनपद से उनका सत्यापन करा लिया जाए।

इस बात की भी जांच कराई जाए कि इन बांग्लादेशी नागरिकों या अन्य विदेशी नागरिकों द्वारा अपने प्रवास को कानूनी बनाने के लिए कौन-कौन से अभिलेख/सुविधाएं प्राप्त कर ली गई हैं। इनमें राशन कार्ड, मतदान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, शस्त्र लाइसेंस, पासपोर्ट व आधार कार्ड आदि हो सकते हैं।

डीजीपी द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि उपरोक्त फर्जी अभिलेखों व सुविधाओं के बारे में जांच पूरी होने पर उनके निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन बिचौलियों और विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों की भी पहचान की जाए, जिन्होंने ये सुविधाएं उपलब्ध कराने में बांग्लादेशी/विदेशी नागरिकों की सहायता की। इन लोगों के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की जाए।

पत्र में कहा गया है कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और अन्य विदेशी नागरिकों की उंगलियों के निशान लेकर उन्हें राज्य के 'फिंगर प्रिंट ब्यूरो' भेजा जाए, जहां इनके बारे में जनपदवार 'कंप्यूटराइज्ड डाटा बेस' अलग से रखा जाए।

निर्माण कंपनियों आदि से कहा जाए कि वे अपने यहां काम करने वाले सभी मजदूरों का पहचानपत्र अपने पास रखें और उनका नियमानुसार पुलिस से सत्यापन भी कराएं।

डीजीपी ने कहा कि अवैध नागरिकों की पहचान और उनके सूचीबद्ध हो जाने के बाद उनको वापस भेजने के लिए प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में शासन के गृह (वीजा) विभाग को भेजा जाए।

अगर तत्परता से सत्यापन के बाद यह पता चलता है कि कोई व्यक्ति बांग्लादेश या किसी अन्य देश से संबंध रखता है तो तुरंत एलआइयू और अन्य एजंसियों को सूचना देकर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश वापस लिए

पेज 1 का बाकी

और वे बहिष्कृत जीवन गुजारते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 15 के तहत अजा-अजजा वर्ग के लोगों को संरक्षण प्राप्त है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक उनके साथ भेदभाव हो रहा है। पीठ ने 18 सितंबर को इस पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई पूरी की थी।

पीठ ने अदालत की दो सदस्यीय पीठ के 20 मार्च, 2018 के फैसले पर टिप्पणी करते हुए सवाल उठाया था कि क्या संविधान की भावना के खिलाफ कोई फैसला सुनाया जा सकता है। पीठ ने कानून के प्रावधानों के अनुरूप समानता लाने के लिए कुछ निर्देश देने का संकेत देते हुए कहा था कि आजादी के 70 साल बाद भी देश में अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों के साथ भेदभाव और अस्पृश्यता बरती जा रही है।

यही नहीं अदालत ने हाथ से मलबा उठाने की कुप्रथा और सीवर व नालों की सफाई करने वाले इस समुदाय के लोगों की मृत्यु पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा था कि दुनिया में कहीं भी लोगों को 'मरने के लिए गैस चैंबर' में नहीं भेजा जाता है। पीठ ने कहा था-यह संविधान की भावना के खिलाफ है। क्या किसी कानून और संविधान के खिलाफ सिर्फ इस वजह से ऐसा कोई आदेश दिया जा सकता है कि कानून का दुरुपयोग हो रहा है? क्या किसी व्यक्ति की जाति के आधार पर किसी के प्रति संदेह व्यक्त किया जा सकता है? सामान्य वर्ग का व्यक्ति भी फर्जी प्राथमिकी दायर कर सकता है।

अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल का कहना था कि 20 मार्च, 2018 का शीर्ष अदालत का फैसला संविधान की भावना के अनुरूप नहीं था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि आजादी के 70 साल बाद भी अनुसूचित जाति और जनजातियों के लोगों को सरकार संरक्षण प्रदान नहीं कर सकी है और अभी तक उनके साथ भेदभाव और अस्पृश्यता का व्यवहार किया जाता है।

अदालत के 20 मार्च, 2018 के फैसले के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में जबर्दस्त हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था।

'सभी हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता'

पेज 1 का बाकी

एनआरसी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 'बहुत जरूरी' है और इसे लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस एनआरसी के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। शाह ने कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर बंगाल के लोगों को गुमराह किया जा रहा है। मैं भाजपा के रुख पर सभी संशयों को स्पष्ट करने के लिए आज यहां हूं। ममता दी कह रही है कि लाखों हिंदुओं को पश्चिम बंगाल छोड़ना होगा। इससे बड़ा झूठ नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि मैं बंगाल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एनआरसी लागू किया जाएगा लेकिन इस तरह का कुछ भी नहीं होने जा रहा है। मैं सभी हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन शरणार्थियों को आश्वस्त करता हूं कि उन्हें देश छोड़ना नहीं पड़ेगा, उन्हें भारतीय नागरिकता मिलेगी और उन्हें एक भारतीय नागरिक के सभी अधिकार मिलेंगे।' शाह ने कहा कि किसी भी घुसपैठिए को भारत में रहने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'किसी /इबाकी पेज 8 पर /इशरणार्थी को जाने नहीं देंगे, किसी घुसपैठिए को रहने नहीं देंगे। हम एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करेंगे।' उन्होंने कहा कि इतने सारे घुसपैठियों का बोझ उठाते हुए दुनिया का कोई भी देश आसानी से नहीं चल सकता। इसे रोकना होगा। हम बंगाल को बदलने के वास्ते काम कर रहे हैं। एनआरसी जरूरी है। हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनआरसी को लागू करना होगा।' भाजपा अध्यक्ष ने याद किया कि बनर्जी जब विपक्ष में थी तो कैसे अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाती थीं।

उन्होंने कहा कि जब ममता दी विपक्ष में थीं तो वह बंगाल से इन घुसपैठियों को हटाने के लिए कहती थीं। अब ये घुसपैठिए उनके वोट बैंक बन गए हैं तो वह उन्हें नहीं हटाना चाहती है। राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं को राष्ट्रीय हित पर हावी नहीं होने देना चाहिए। इस बीच शाह के आरोपों पर बनर्जी ने उनका नाम लिए बगैर 95 पल्ली पूजा उद्घाटन के मौके पर कहा, 'कृपया लोगों के बीच मनमुटाव पैदा न करें। बंगाल को सदियों से विभिन्न धर्मों के नेताओं का सम्मान करने के लिए जाना जाता है। उसे कोई बिगाड़ नहीं सकता है।' भाजपा अध्यक्ष ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की।

जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि मुखर्जी के बलिदान के कारण ही आज पश्चिम बंगाल भारतीय गणराज्य का हिस्सा है। शाह ने यह भी विश्वास जताया कि भाजपा अगले विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल की सत्ता में आएगी।

पाकिस्तान ने मलीहा लोधी को हटाया

पेज 1 का बाकी

महासभा में हिस्सा लेने अमेरिका गए थे, जहां पहली बार उन्होंने पिछले हफ्ते कश्मीर का मसला उठाया था। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा, 'राजदूत मुनीर अकरम को न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में डॉ. मलीहा लोधी की जगह पाकिस्तान का नया स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।' बयान में लोधी के हटाए जाने का कारण नहीं दिया गया है।

खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को 15 मिनट की बजाए 50 मिनट तक संबोधित किया। खान अपने संबोधन में आधे समय तक कश्मीर पर चर्चा करते रहे । उन्होंने चेताते हुए कहा कि दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों का अगर आमना-सामना होता है तो इसके परिणाम सीमाओं से कहीं आगे होंगे। उनकी युद्ध संबंधी बयानबाजी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांति संदेश के विपरीत थी। मोदी ने इसी मंच से खान से कुछ ही मिनट पहले कहा था कि भारत एक ऐसा देश है, जिसने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध का शांति का संदेश दिया है। जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा वापस लिए जाने के भारत सरकार के फैसले का पाकिस्तान अंतराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास कर रहा है। इस बारे में भारत ने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किया जाना उसका आंतरिक मामला है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के बयान में कहा गया कि अकरम अब न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में रहेंगे। अकरम अनुभवी राजनयिक हैं, जो 2002 से 2008 तक संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं। पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या का मामला संयुक्त राष्ट्र में पेश करने पर असहमति के चलते तत्कालीन पाक राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था।

'निजी स्वतंत्रता व राष्ट्रीय सुरक्षा में संतुलन बनाना होगा'

पेज 1 का बाकी

तहसीन पूनावाला और फाउंडेशन आफ मीडिया प्रोफेशनल्स के अध्यक्ष प्रणंजय गुहा ठाकुरता सहित अनेक याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि कश्मीर मे संचार व्यवस्था पूरी तरह ठप है और पत्रकारों के आवागमन पर प्रतिबंध है।

पीठ ने केंद्र को इन याचिकाओं पर जवाब देने और याचिकाकर्ताओं को इसके बाद अपने प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही इस मामले को नवंबर के दूसरे हफ्ते के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पीठ ने घाटी में पाबंदियों से संबंधित नौ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा-व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना होगा। इससे पहले सुनवाई शुरू होते ही शीर्ष अदालत ने माकपा महासचिव सीताराम येचुरी की याचिका पर कहा कि यह बंदीप्रत्यक्षीकरण याचिका थी और उन्हें अदालत ने राहत दे दी है।

पीठ ने येचुरी की ओर से वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन से कहा-आपने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। वह अनुरोध अब उपलब्ध नहीं है क्योंकि उस व्यक्ति (मोहम्मद यूसुफ तारिगामी) ने खुद भी अनुच्छेद 370 को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। यह एक सीमित मुद्दे के बारे में थी। अब आप और क्या राहत चाहते हैं? रामचंद्रन ने कहा कि वे चाहते हैं कि तारिगामी की हिरासत को गैरकानूनी घोषित किया जाए या फिर पांच अगस्त के बाद उन्हें हिरासत में रखने को न्यायोचित ठहराने के लिए प्राधिकारियों से कहा जाए।

इस पर पीठ ने कहा कि जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट सुचारू ढंग से काम कर रहा है और याचिकाकर्ता राहत के लिए वहां जा सकता है। इसी से संबंधित एक अन्य मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजादी की ओर से वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने कहा कि अदालत के आदेश के अनुसार यह नेता कश्मीर गया था। अतः उसकी याचिका में किए गए पहले अनुरोध पर अमल हो चुका है। अहमदी ने कहा कि उनके अन्य अनुरोध अभी भी शेष हैं और प्राधिकारियों को अदालत को बताना चाहिए कि कानून के किन प्रावधानों के तहत घाटी में लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है।

टिकट नहीं मिला तो सफीदों विधायक ने भाजपा छोड़ी

जींद, 1 अक्तूबर (भाषा)।

सफीदों विधानसभा से भाजपा की टिकट न मिलने से नाराज निवर्तमान विधायक जसबीर देशवाल ने भाजपा पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) में जाने के संकेत दिए हैं।

जसबीर देशवाल ने वर्ष 2014 में सफीदों विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा था और भाजपा प्रत्याशी वंदना शर्मा को 1422 वोटों से मात देकर विधायक बने थे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। देशवाल ने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जनता के वोटों से वह विधायक बने थे। भाजपा की नीतियों में उनकी आस्था थी और इन्हीं नीतियों की वजह से वह भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने को लेकर वह बुधवार को प्रस्तावित कार्यकर्ताओं की बैठक में उनसे बात करेंगे। उन्होंने अपना इस्तीफा ई-मेल द्वारा पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया है।

गांधी ही नहीं उनके फोटो से भी ली खूब प्रेरणा

पेज 1 का बाकी

अपने हाथों में समाजवाद की मशाल थामते थे, अत्याचार से लड़ते थे और धन एवं शारीरिक संबंध जैसी भौतिक चीजों से दूरी प्रदर्शित करते थे। गांधी के जीवन से लिए गए अध्यायों पर सबसे सफल फिल्म रिचर्ड एटनबरो की 1983 की ऑस्कर विजेता फिल्म 'गांधी' है, जिसमें बेन किंग्सले ने मुख्य भूमिका निभाई। 'गांधी' में उनकी हत्या तक के उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को छुआ गया है। 'गांधी, माय फादर' (2007) में इसके निर्देशक फिरोज अब्बास खान ने गांधी और उनके सबसे बड़े बेटे हरिलाल के बीच के संबंधों को दिखाया। श्याम बेनेगल की फिल्म 'द मेकिंग ऑफ महात्मा' में दक्षिण अफ्रीका में बिताए गांधी के समय को विषयवस्तु बनाया गया है। गांधी को भी केंद्र में रखने वाली कुछ फिल्मों में 'दि लेजेंड ऑफ भगत सिंह', 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस : फॉरगटन हीरो', 'वायसराय हाऊस' और टीवी कार्यक्रम 'संविधान' भी शामिल हैं।

बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने भी फिल्मों में गांधी की यादगार भूमिका निभाई है जैसे-'द मेकिंग ऑफ द महात्मा' में रजत कपूर और 'हे राम' में नसीरूद्दीन शाह आदि। शाह ने अपने संस्मरण 'एंड देन वन डे' में लिखा है, '1926 में यंग इंडिया में एक आलेख में /इबाकी पेज 8 पर /इ गांधी ने लिखा था कि जर्मन कंपनी उन पर एक फिल्म कंपनी का प्रचार करने का आरोप लगा रही है, जबकि सिनेमा से उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रहा है...।' महात्मा गांधी ने अपने जीवन में चंद फिल्में ही देखी हैं जिनमें 1940 में विजय भट्ट की 'राम राज्य' शामिल है। उन्होंने कहा, 'वह जीवन चरित देखने में यकीन रखते थे। वह चाहते थे कि कि लोग महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लें और खुद ही कुछ दिलचस्प चीजें करें। वह नहीं चाहते थे कि लोग जीवन से भागें (पलायनवादी बने), वह चाहते थे कि लोग जीवन की मुश्किलों का डट कर सामना करें।' बेनेगल ने कहा कि 1996 की फिल्म 'द मेकिंग ऑफ महात्मा' चीजों को गांधी के नजरिए से समझने की कोशिश थी। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि भारतीयों पर गांधी का जबरदस्त प्रभाव रहा है।

नई दिल्ली

नेपाली संसद के अध्यक्ष पर बलात्कार का आरोप, दिया इस्तीफा

काठमांडो, 1 अक्तूबर (भाषा)।

नेपाल की संसद के अध्यक्ष ने संसदीय सचिवालय में एक महिला कर्मी के साथ बलात्कार का आरोप लगने के बाद मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अध्यक्ष कृष्णा बहादुर महरा ने विधानसभा उपाध्यक्ष शिवमाया तुंबाहंफे को अपना त्यागपत्र सौंपा। त्यागपत्र में महरा ने कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है ताकि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो। इससे पहले महरा ने महिला के आरोपों से इनकार किया था।

ऑनलाइन न्यूज पोर्टल हमरो कुरा में पीड़िता ने दावा किया है कि वह सालों से महरा को जानती थी और उन्होंने उनके साथ आशालीन बर्ताव किया। उसने दावा किया कि 23 सितंबर को जब वह अपने किराए के मकान में अकेली थी तब महरा उसके यहां आए थे। पीड़िता ने उन्हें नशे की हालत में होने की वजह से घर में घुसने से रोकने की कोशिश की लेकिन उन्होंने उसकी नहीं सुनी।

(THIS IS ONLY AN ADVERTISEMENT FOR INFORMATION PURPOSES AND NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. NOT FOR DISTRIBUTION OUTSIDE INDIA.)

MISQUITA ENGINEERING LIMITED

(CIN: U74210GA1998PLC002537)

Our Company was originally incorporated as "Misquita Engineering Private Limited" at Panaji, Goa as a Private Limited Company under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation dated March 04, 1998 bearing Registration Number 24-02537 issued by Registrar of Companies, Goa, Daman & Diu. Subsequently, our Company was converted into Public Company pursuant to Shareholders resolution passed at the Annual General Meeting of our Company held on August 29, 2017 and the name of our Company was changed to "Misquita Engineering Limited" and a fresh Certificate of Incorporation Consequent upon Conversion from Private Company to Public Company dated October 18, 2017 was issued by the Registrar of Companies, Goa. The Corporate Identification Number (CIN) of our Company is U74210GA1998PLC002537. For details of Incorporation, change of name and Registered Office of our Company, please refer to chapters titled "General Information" and "History and Certain Other Corporate Matters" beginning on page 47 and 115 of the Prospectus.

Registered Office and Corporate Office : 182/1, Vaginim Vaddo, Nachinol, Aldona, North Goa, Goa – 403 508, India

Company Secretary and Compliance Officer: Ms. Bhawini Surana

Tel: +91 83088 48233; **E-mail:** info@misquitaengg.com ; **Website:** www.misquitaengg.com

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. THOMAS CONSTANCE AVINASH MISQUITA AND MS. GAIL LUCIA MISQUITA

BASIS OF ALLOTMENT

PUBLIC ISSUE OF UPTO 7,16,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH ("EQUITY SHARES")OF MISQUITA ENGINEERING LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 27.00 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17.00 PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ 193.32 LAKH ("THE ISSUE") COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF 4,44,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 119.88 LAKH (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UPTO 2,72,000 EQUITY SHARES BY THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDER ("OFFER FOR SALE") AGGREGATING TO ₹ 73.44 LAKH OF WHICH 36,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 27.00 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 9.72 LAKH WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e. NET ISSUE OF 6,80,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH AT A PRICE OF ₹ 27.00 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 183.60 LAKH (THE "NET ISSUE"). THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.58% AND 25.24% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹10.00 EACH AND THE ISSUE PRICE OF ₹ 27.00 IS 2.7 TIMES OF THE FACE VALUE.

1. श्री संजय कुमार त्यागी, पुत्र मुन्नी देव त्यागी (ऋणधारक/मार्टगैजर) निवासीः एच.नं. 16, मैन दादरी रोड, द्वारकाधीश मंदिर के निकट, भंगेल, बेगमपुर, नोएडा, गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201304 2. श्रीमती मंजू त्यागी, पत्नी संजय कुमार त्यागी (सह-ऋणधारक) निवासीः एच.नं. 16, मैन दादरी रोड, द्वारकाधीश मंदिर के निकट, भंगेल, बेगमपुर, नोएडा, गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201304 3. श्री संजीत कुमार सिन्हा, पुत्र रविन्द्र कुमार सिन्हा (गारन्टर), निवासीः एच.नं. 1, भंगेल बेगमपुर-II, नोएडा, गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201304	खसरा नं. 954, ग्राम छपरौला, परगणा, तहसील-दादरी एवं जिला-गौतम बुध नगर, उ.प्र. में स्थित आवासीय सम्पत्ति, एरिया 50 वर्ग यार्ड्स अथवा 41.8 वर्ग मी., बही नं.-1, जिल्द नं. 9779, पेज नं. 1-24, क्रमांक 13447, तिथिः 20.8.2016 के राजस्व अभिलेखों में पंजीकृत। चौहद्दीः उत्तरः 18 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः अन्य का प्लॉट, पूर्वः अन्य का प्लॉट, पश्चिमः अन्य का प्लॉट	ऋण खाता सं. टीएल-100741014380 मांग सूचना तिथिः 3.9.2019 बकाया राशिः 28.8.2019 को रु. 9,83,215.49 (रु. नौ लाख तिड़ासी हजार दो सौ पन्द्रह तथा पैसे उन्चास मात्र) एनपीए तिथिः 21.7.2019
1. श्री विशम्भर सिंह, पुत्र सूर्य नारायण (ऋणधारक तथा मार्टगैजर), निवासीः एच. नं. 371, ग्राम सदरपुर, सेक्टर-45, नोएडा गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201301 2. श्री विनय कुमार, पुत्र सूर्य नारायण निवासीः एच. नं. 371, ग्राम सदरपुर, सेक्टर-45, नोएडा गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201301 (सह-ऋणधारक) 3. श्री लक्की सिंह, पुत्र विशम्भर सिंह (गारन्टर) निवासीः एच. नं. 371, ग्राम सदरपुर, सेक्टर-45, नोएडा गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश) पिन कोड-201301	खसरा नं. 147, सदरपुर, परगणा एवं तहसील-दादरी, जिला गौतमबुध नगर, उ.प्र. में स्थित आवासीय सम्पत्ति एरिया 50 वर्ग यार्ड्स अथवा 41.805 वर्ग मी. वही नं. 1, जिल्द नं. 6732, पेज नं. 321-348, क्रमांक 3518, तिथि 25.5.2015 के राजस्व अभिलेखों में पंजीकृत टाइटल डीड। चौहद्दीः उत्तरः 9 फीट रोड, दक्षिणः प्लॉट चंदन, पूर्वः प्लॉट शांति देवी, पश्चिमः प्लॉट धर्मेन्द्र।	ऋण खाता सं. TL-100741012931 मांग सूचना तिथिः 6.9.2019 बकाया राशिः रु. 1166873.62 (रुपये ग्यारह लाख छियासठ हजार आठ सौ तिहत्तर एवं पैसे बासठ मात्र) 28.08.2019 को एनपीए तिथिः 23.05.2019
1. श्री मोह. गयासुद्दीन, पुत्र श्री आस मोहम्मद (ऋणधारक) निवासीः एच. नं. 2, चिपयाना खुर्द टिगरी, सोमबाजार के निकट, शिव मंदिर, जी.बी. नगर-201301 2. श्रीमती जमीला निशा, पत्नी श्री मोह. गयासुद्दीन (मार्टगैजर) निवासीः एच. नं. 2, चिपयाना खुर्द टिगरी, सोमबाजार के निकट, शिव मंदिर, जी.बी. नगर-201301 3. श्री याद राम, पुत्र श्री ठकराई राम (गारन्टर), चिपयाना खुर्द, टिगरी, सोम बाजार के निकट, शिव मंदिर, जी.बी. नगर-201301	खसरा नं. 85, दुर्गा पुरम, ग्राम चिपयाना खुर्द, उर्फ टिगरी, परगना एवं तहसील दादरी, जिला गौतम बुध नगर, उ.प्र. में स्थित सम्पत्ति, कुल क्षेत्रफल माप 35 वर्ग यार्ड्स का ई/एम जो वही नं. 1, पेज नं. 437/454, क्रमांक 5776 तिथि 22.5.2009 के राजस्व अभिलेखों में पंजीकृत है। चौहद्दीः उत्तरः अन्य प्लॉट, दक्षिणः अन्य प्लॉट, पूर्वः रोड 13'0'' चौड़ा, पश्चिमः रोड 10'0'' चौड़ा	ऋण खाता सं. टीएल-101941003687 मांग सूचना तिथिः 11.09.2019 बकाया राशिः रु. 505385/- (रुपये पांच लाख पचास हजार तीन सौ पचासी मात्र) 05.09.2019 को एनपीए की तिथिः 30.05.2019

तिथिः 2.10.2019 स्थानः ग्रेटर नोएडा शिवालिक मर्केन्टाइल को-ऑपरेटिव बैंक लि. के लिये, प्राधिकृत अधिकारी

मालेगांव मामला : बंद कमरे में मुकदमे की सुनवाई से अदालत का इनकार

मुंबई, 1 अक्तूबर (भाषा)।

मुंबई की एक विशेष अदालत ने सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में बंद कमरे में सुनवाई से मंगलवार को इनकार कर दिया।

इस मामले में भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी एक आरोपी हैं। अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) के उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उसने इस मामले की सुनवाई बंद कमरे में करने का अनुरोध किया था। विशेष न्यायाधीश वीएस पडालकर ने कहा कि एनआइए का आवेदन अस्वीकार करने के कारणों में से एक यह है कि सुनवाई पारदर्शी तरीके से की जा सके। अदालत ने मीडिया को कुछ पाबंदियों के साथ मामले की सुनवाई की रिपोर्टिंग करने की अनुमति दे दी। मीडियाकर्मियों को अपने संबंधित मीडिया संस्थानों के पहचान पत्रों की प्रतियां जमा करानी होंगी। अदालत ने कहा कि (सुनवाई के दौरान मीडियाकर्मियों द्वारा) किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जाए और बस तथ्यपरक स्थिति के अनुसार ही मामले की रिपोर्टिंग की जाए। अदालत ने यह कहा कि जब तक इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाए तबतक उस पर कोई संपादकीय नहीं लिखा जाए तथा निजी राय या किसी प्रकार की चर्चा/परिचर्चा नहीं की जाए। अदालत के बंद कमरे में होने वाली सुनवाई में केवल न्यायाधीश, अधिवक्ता, आरोपी तथा प्रत्यक्षदर्शी ही मौजूद रहते हैं।

एनआइए के अनुरोध को विशेष अदालत ने किया खारिज

कश्मीर में कल से सभी स्कूलों को खोलने का निर्देश

श्रीनगर, 1 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद घाटी में दो महीने से बंद पड़े स्कूलों को बृहस्पतिवार तक खोलने का निर्देश दिया गया है।

कश्मीर के संभागीय आयुक्त बशीर अहमद खान ने सोमवार को घाटी में सभी उपायुक्तों और स्कूली शिक्षा निदेशक को सुनिश्चित करने को कहा कि अगस्त और सितंबर में जब स्कूल बंद थे, तब के लिए छात्रों से ट्यूशन शुल्क और बस शुल्क नहीं लिए जाएं। एक प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा है कि घाटी में उच्च माध्यमिक स्तर तक के सभी सरकारी स्कूल और निजी संस्थान बृहस्पतिवार तक खोले जाएं। प्रवक्ता ने बताया कि कश्मीर के कॉलेज में तीन अक्तूबर को फिर से खोले जाएंगे। राज्य प्रशासन ने पिछले महीने भी स्कूलों को खोलने की कोशिश की थी लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली।

महाराष्ट्र : भाजपा ने जारी की 125 उम्मीदवारों की पहली सूची

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को 125 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची जारी की।

भाजपा ने कहा कि वह राज्य में शिवसेना और कुछ छोटे सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयन राजे भोंसले को उम्मीदवार बनाया है। भोंसले पहले इसी सीट से राकांपा सांसद थे और लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के अनुसार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से और महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल कोथरूड से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने सतारा विधानसभा सीट से शिवेंद्र सिंह भोंसले को टिकट दिया है। जबकि कस्बापेट से लोकमान्य तिलक घराने की बहू मुक्त तिलक व कराड दक्षिण सीट से अतुल भोंसले को टिकट दिया है। सिंह ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने अपने 12 विधायकों को टिकट नहीं दिया। 52 वर्तमान विधायकों को टिकट दिया गया है। पार्टी की पहली सूची में 12 महिलाएं हैं। उन्होंने कहा-भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अपनी सहयोगी शिवसेना और आरपीआइ, रैयत क्रांति पार्टी, शिव संग्राम सहित कुछ छोटे दलों के साथ मिलकर लड़ेगी। सिंह ने दावा किया कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन तीन चौथाई बहुमत से फिर सरकार बनाएगा। भाजपा और शिवसेना के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति हुई है। समझा जाता है कि शिवसेना 124 सीटों पर और भाजपा एवं अन्य सहयोगी दल 164 सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं।

52 वर्तमान विधायकों को टिकट, पहली सूची में 12 महिलाएं शामिल

महाराष्ट्र के लिए कांग्रेस के 52 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी जिसमें कुल 52 नाम शामिल हैं।

दूसरी सूची में प्रमुख नाम पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का है जिन्हें कराड दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया। इसी के साथ ही चव्हाण के सतारा लोकसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार बनने की अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले पार्टी ने रविवार को 51 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम भी शामिल था। उनको भोकर सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची के मुताबिक लातूर ग्रामीण से पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज देशमुख और सांगली से वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज पाटिल को टिकट दिया गया है। पार्टी अब तक कुल 103 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है।

सीबीएसई के विद्यालय हर विद्यार्थी को देंगे जूट या खादी का थैला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

देश को एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त करने के अभियान में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध 22,000 से अधिक विद्यालय भी भागीदारी करेंगे। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को उनके विद्यालय के हर विद्यार्थी को जूट या खादी का एक थैला देने की सलाह दी गई है। इतना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्कूलों में सप्ताह या पखवाड़े या महीने में एक दिन खादी के नाम करने की भी सलाह दी गई है।

सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि हमारे 22 हजार से अधिक स्कूलों में करीब 15 लाख शिक्षक पढ़ाते और दो करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएसई का पूरा परिवार यानी सभी विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी और उनके अभिभावक देश को एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त करने के अभियान में युद्ध स्तर पर जुट रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत सभी प्रधानाचार्यों को कहा गया है कि वे अपने स्कूल के हर बच्चे को जूट या खादी का एक थैला दें और उसका उपयोग करने के लिए हैं। त्रिपाठी ने बताया कि इससे समाज में प्लास्टिक के स्थान पर जूट या खादी के इस्तेमाल के प्रति जागरूकता आएगी।

पाक गोलाबारी में बीएसएफ जवान समेत दो लोग घायल

जम्मू, 1 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ और कठुआ जिलों में अग्रिम चौकियों और गांवों को मोर्टार के गोलों और छोटे हथियारों से निशाना बनाकर संघर्षविराम का उल्लंघन किया जिसमें बीएसएफ के एक जवान समेत दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सीमापार से शाहपुर और कर्णी और कस्बा में मोर्टार के गोले दागे गए और गोलीबारी हुई। विख्यात सुफी संत सैन बाबा मिरान बक्श की प्रसिद्ध दरगाह के निकट पर मोर्टार के गोले गिरे। अधिकारियों ने बताया कि सीमा से लगे क्षेत्रों में रह रहे लोग घबराए हुए हैं। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान ने आज (मंगलवार) सुबह करीब पौने आठ बजे पुंछ जिले के शाहपुर और कर्णी सेक्टरों में बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर और मोर्टार के गोले दागकर संघर्षविराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना इसका माकूल जवाब दे रही है। उन्होंने बताया कि दोपहर में करीब एक बजकर 30 मिनट पर गोलाबारी रुकी लेकिन फिर से यह तीन बजकर 50 मिनट पर शुरू हो गई और निकट के कस्बा सेक्टर में भी इस दौरान गोलाबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद राशिद नाम का एक युवक शाहपुर सेक्टर में घायल हुआ है।

मोर्टार का गोला बाबा मिरान बक्श की दरगाह के निकट गिरा, जिससे श्रद्धालु घबरा गए। उन्होंने बताया कि हालांकि श्रद्धालु और दरगाह सुरक्षित है और अंतिम खबर मिलने तक सीमापार से गोलीबारी जारी है। पुंछ में पाकिस्तानी बलों की गोलीबारी में रविवार को छह लोग घायल हो गए थे।

संघर्षविराम का उल्लंघन कठुआ, पुंछ में अग्रिम चौकियों को बनाया निशाना

दिल्ली-लखनऊ तेजस देर से चली तो यात्रियों को मिलेगा मुआवजा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

आइआरसीटीसी की दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस के यात्रियों को ट्रेन के विलंब होने पर मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे की सहायक कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तेजस का यह सफर 4 अक्तूबर से दिल्ली लखनऊ के बीच शुरू हो रहा है। तय नियम के मुताबिक एक घंटे से अधिक का विलंब होने पर 100 रुपए की राशि अदा की जाएगी जबकि दो घंटे से अधिक की देरी होने पर 250 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन के यात्रियों को 25 लाख रुपए का निःशुल्क बीमा भी दिया जाएगा। यात्रा के दौरान लूटपाट या सामान चोरी होने की स्थिति के लिए भी एक लाख रुपए के मुआवजे की व्यवस्था है। ट्रेन चार अक्तूबर को यात्रा पर रवाना होगी। मंत्रालय के मुताबिक दावा प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर संपर्क व इंशोरेंस कंपनी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आवश्यक कागजात देने के बाद 2 से 3 दिन में यात्री को दावा भुगतान कर दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसे शुरू कर दिया जाएगा।

सफर में मिलेगा 'व्रत का खाना' : रेल सफर के दौरान यात्रियों के लिए विशेषतौर पर 'व्रत का खाना' भी उपलब्ध है। रेल सफर में यात्रियों की सुविधा के लिए यह पहल की गई है। यह सुविधा यात्रियों के लिए नवरात्र से शुरू की गई है। आईआरसीटीसी यह सेवा उपलब्ध कराएगा और इसके लिए यात्री को 'ई कैटरिंग' के माध्यम से यात्रा, स्टेशन व अन्य जानकारी उपलब्ध करानी होगी। आईआरसीटीसी के मुताबिक नवरात्र में व्रत रखने वाले यात्रियों को खानपान को लेकर काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए ही यह सेवा शुरू की गई है। इसमें यात्री के लिए साबूदाना खिचड़ी, भुने हुए मखाने, मूंगफली नमकीन, आलू की टिक्की, नवरात्र थाली, जीरा आलू, फ्रैंचफ्राई, फलाहारी, मलाई बर्फी रसमलाई, मिल्क केक, सादी बर्फी व लस्सी समेत अन्य व्रत में खाने वाली चीजें शामिल की गई है। नवरात्र के खाने की सुविधा कालनपुर सेंट्रल, जबलपुर, रतलाम, जयपुर, बीना, पटना, राजेंद्र नगर, हजरत निजामुद्दीन व अहमद नगर समेत अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध है।

Office of the Chief Executive Officer, Shri Mata Vaishno Devi Shrine Board, Katra

EXPRESSION OF TENDER NOTICE

In reference to Abridged Tender Notice No. CO/Cat/ 338/676 dated 28.08.2019 & Extension issued vide No. CO/Cat/338/776 dated 19.09.2019. The Last Date for Submission of Tender from Principal Firms or their Authorized Franchisees, for Providing Catering Services at **Bhojanalaya Saraswati Dham, Rail Head Complex, Jammu** of Shri Mata Vaishno Devi Shrine Board, is hereby further extended upto 9th of October, 2019, 1500 hrs.

The other terms and conditions of the Tender shall remain the same. The NIT along with detailed terms & conditions can be downloaded from official website of the Shrine Board (**www.maavaishnodevi.org.**), Free of Cost. In case of lack of Internet connectivity, prospective Bidders can obtain a copy of NIT Free of Cost from the Central Office of Shri Mata Vaishno Devi Shrine Board located at Katra (J&K).

No.: CO/Cat/338/800
Dated: 01.10.2019

Sd/- (Dr. J.C. Mehra), KAS
Dy. Chief Executive Officer

'सौहार्द बिगाड़ने वाली कोई दलील नहीं दी'

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद के मामले में हिंदू पक्षकारों ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सुनवाई के दौरान उन्होंने कभी ऐसी दलील नहीं दी, जो सांप्रदायिक सौहार्द और शांति को बिगाड़ती हो। हिंदू पक्ष ने दावा किया कि उनके प्रतिद्वंद्वियों के दावे में सांप्रदायिक पहलू शामिल है। उन्होंने मुसलिम पक्षकारों की इस दलील को अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण भी बताया कि पुरातात्त्विक रिपोर्ट को नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब वे आरोप लगा रहे हैं कि जो दीवार खुदाई में निकली, वह ईदगाह की थी। दलीलों पर प्रश्न करते हुए राम लला के वरिष्ठ वकील ने कहा कि इसका आशय है कि मुगल शासक बाबर आया था और उसने ईदगाह को गिराकर मस्जिद बनाई। इसने उनके पुराने रुख का भी विरोध किया कि मस्जिद खाली जमीन पर बनाई गई थी। हिंदू पक्षकारों की दलीलों पर मुसलिम पक्ष की तीखी प्रतिक्रिया आई। दलीलों पर बहस के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

अयोध्या मामले में 'हिंदू पक्ष ने न्यायालय में कहा

शिवकुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 अक्तूबर।

धनशोधन के मामले में गिरफ्तार कर्नाटक कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई। सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने ईडी को शिवकुमार से जेल में पूछताछ करने की भी इजाजत दे दी। विशेष जज अजय कुमार कुहाड़ ने शिवकुमार को फिर से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था। कांग्रेस नेता को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया। उन्हें धनशोधन के मामले में प्रवर्तन ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी के विशेष अभियोजकों अमित महाजन, एनके माट्टा और नीतेश राणा ने कहा कि विभिन्न बीमारियों के कारण शिवकुमार को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था।

राजस्थान व हरियाणा में राशन पोर्टेबिलिटी शुरू

जयपुर, 1 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्थान व हरियाणा राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को राशन का वितरण करने के लिए पोर्टेबिलिटी एक अक्तूबर से लागू कर दी गई है। इसके तहत इन दोनों राज्यों के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी किसी भी राशन की दुकान से गेहूं ले सकते हैं।

खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री रमेश चंद मीना ने बताया कि केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक देश एक राशन कार्ड परियोजना के तहत यह पहल की गई है। मीना ने बताया कि केंद्रीय मंत्रालय के निर्देशानुसार नेशनल पोर्टेबिलिटी लागू की जानी है जिसके तहत देश का कोई भी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभार्थी किसी भी राज्य की राशन की दुकान से गेहूं प्राप्त कर सकता है। नेशनल पोर्टेबिलिटी लागू करने से पहले इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी के तहत देश के दो राज्यों को जोड़ा गया है। खाद्य मंत्री ने बताया कि राज्य में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू होने से हरियाणा व राजस्थान राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी एक दूसरे राज्य की किसी भी राशन की दुकान से गेहूं प्राप्त कर सकते हैं।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

कार्यपालक अभियंता (एम-I) केपीजेड
केशव पुरम, दिल्ली-110035

एनआईटी सं: ई.ई.(एम-I)/केपीजेड/टीसी/2019-20/19 दिनांक: 27.09.2019

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा दस्तावेज बिक्री/डाउनलोड प्रारंभ तिथि : 27.09.2019 को सायं 5.00 बजे तक
निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि : 14.10.2019 को प्रातः 11.00 बजे तक
वित्तीय निविदा खुलना : 14.10.2019 को प्रातः 11.15 बजे

आयुक्त, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से कार्यपालक अभियंता (एम)-1/केशव पुरम द्वारा अनुमोदित एवं योग्य ठेकदारों से मुहरबंद प्रतिशत/मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्यपालक अभियंता (एम)-1/केशव पुरम द्वारा वेबसाइट **www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER** पर निविदाएं खोली जाएंगी। दरों की वैधता 6 माह है।

क. सं. 1. कार्य का नाम: सीबी-ब्लॉक, शालीमार बाग (एन), वार्ड नं. सी-62/केपीजेड में प्रवेश द्वार से मकान नं. 52 और मकान नं. 36 से 38 तक लेन का सुधार। **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.49,54,364/-, **अनुमानित लागत:** रु.53,57,100/-, **धरोहर राशि:** रु.99,100/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 4 माह.

क. सं. 2. कार्य का नाम: एजी-ब्लॉक, शालीमार बाग (एस), वार्ड नं. सी-63/केपीजेड में 5.00मीटर आरओडब्ल्यू आंतरिक सड़कों का सुधार एवं विकास। **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.1,32,52,958/-, **अनुमानित लागत:** रु.1,45,77,400/-, **धरोहर राशि:** रु.2,65,100/-, **निविदा कीमत:** रु. 1500/-, **पूर्णता अवधि:** 9 माह.

क. सं. 3. कार्य का नाम: एबी-ब्लॉक, शालीमार बाग, वार्ड नं. सी-63/केपीजेड में मकान नं. 48 से 57, 68 से 77, 28 से 86, 13 से 165 और 182 से 206 तक लेन का सुधार एवं विकास। **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.35,37,312/-, **अनुमानित लागत:** रु.38,24,900/-, **धरोहर राशि:** रु.70,800/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 04 माह.

क. सं. 4. कार्य का नाम: एडी-ब्लॉक, शालीमार बाग (एस), वार्ड नं. सी-63/केपीजेड में मकान नं. 17 से 22, 23 से 27, 10 से 11 से 27, 81 से 84 और 85 से 89 के समानांतर ड्रेन सिस्टम, साइड वर्म और लेन का सुधार एवं विकास। **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.36,59,005/-, **अनुमानित लागत:** रु.39,56,500/-, **धरोहर राशि:** रु.73,200/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 03 माह.

क. सं. 5. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.29,49,633/-, **अनुमानित लागत:** रु.31,89,400/-, **धरोहर राशि:** [illegible], **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 04 माह.

क. सं. 6. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.43,29,472/-, **अनुमानित लागत:** रु.46,81,400/-, **धरोहर राशि:** रु.86,600/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 04 माह.

क. सं. 7. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.24,91,054/-, **अनुमानित लागत:** रु.26,93,600/-, **धरोहर राशि:** रु.49,850/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 03 माह.

क. सं. 8. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.27,52,730/-, **अनुमानित लागत:** रु.29,76,500/-, **धरोहर राशि:** रु.55,100/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 03 माह.

क. सं. 9. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.56,67,069/-, **अनुमानित लागत:** रु.61,27,800/-, **धरोहर राशि:** [illegible], **निविदा कीमत:** रु. 1000/-, **पूर्णता अवधि:** 06 माह.

क. सं. 10. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** रु.33,34,107/-, **अनुमानित लागत:** रु.36,05,100/-, **धरोहर राशि:** रु.66,700/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 04 माह.

क. सं. 11. कार्य का नाम: [illegible] **खाता शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **FTC No.19/XL-VIII-S (d), निविदा राशि:** [illegible], **अनुमानित लागत:** रु.34,86,900/-, **धरोहर राशि:** रु.63,450/-, **निविदा कीमत:** रु. 500/-, **पूर्णता अवधि:** 03 माह.

[illegible] **www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER** [illegible]

आर.ओ. नं. 111/डीआईपी/उत्तरीडीएमसी/2019-20 कार्यपालक अभियंता (एम)-I/केशव पुरम

कार्यालय वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण-I, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. नं. 224/18

विक्रय की उद्घोषणा

एसरेक बनाम मैसर्स मोलीकोडल फैशन्स प्रा. लि.

ऋणों की वसूली हेतु बैंक एवं वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अन्तर्गत विक्रय उद्घोषणा

(1) मैसर्स मोलीकोडल फैशन्स प्रा. लि. 27, तृतीय तल, उत्तरी पश्चिमी एवेन्यू, क्लब रोड, पंजाबी बाग वेस्ट, नई दिल्ली-110026 कार्य स्थल : ई-1/7, द्वितीय तल, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 (2) श्री इन्द्रपाल सिंह बधावन, पुत्र श्री हरमोहिन्दर सिंह बधावन, 78, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 यहां भी: डी-174, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057, यहां भी: 6/80, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026, यहां भी: डी-174, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057 (3) श्री सतविन्दर सिंह बधावन पुत्र श्री हरमोहिन्दर सिंह बधावन, 78, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026

चूंकि माननीय पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली के द्वारा मूल आवेदन संख्या 183/14 में दिनांक 28.06.2018 को सभी प्रतिवादीगण के विरुद्ध 8,61,18,188.08 (रूपये आठ करोड़ इकसठ लाख अठारह हजार एक सौ अठ्यासी और आठ पैसे मात्र) रूपये की वसूली हेतु जारी किया गया है, जो राशि प्रमाण पत्र के अनुसार ब्याज, वाद व्यय एवं खर्चों सहित वसूल किये जाने योग्य है तथा यह कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा संलग्न अनुसूची में वर्णित कुर्कशुदा सम्पत्ति को प्रमाण पत्र की संतुष्टि हेतु विक्रय किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। तथा यह कि प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 06.06.2014 तक 13% वार्षिक की दर से ब्याज, वाद व्यय व खर्चों सहित कुल राशि एवं 1,50,000/- रूपये एवं भविष्य का ब्याज बकाया होने है। 2. और जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने इस प्रमाण पत्र की संतुष्टी हेतु निम्नानुसार अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है। 3. और जैसा कि राशि रू. 8,61,18,188.08 (रुपये आठ करोड़ इकसठ लाख अठारह हजार एक सौ अठ्यासी एवं आठ पैसे मात्र) आकस्मिक खर्चों एवं ब्याज के साथ दिनांक 06.06.2014 से 13% वार्षिक की दर से संयुक्त एवं अलग-अलग रूप से बकाया की पूर्ण रूप से देय बकाया राशि एवं रू. 1,50,000/- भी पूर्ण रूप से प्राप्त होने तक। 4. एतद्वारा यह सूचित किया जाता है कि किसी स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में संदर्भित सम्पत्ति का विक्रय ऑनलाईन नीलामी के जरिये **https://drt.auctiontiger.net** के माध्यम से दिनांक 11.11.2019 को सांय 03:00 बजे से सांय 04:00 बजे (अंतिम 5 मिनट में बोली आने पर यदि आवश्यक हो तो स्वतः वृद्धि वाक्य के अनुसार) तक किया जायेगा। 5. यह विक्रय उपरोक्त प्रतिवादी की सम्पत्ति [illegible]

[illegible]

सम्पत्ति का विवरण

क्रम संख्या	सम्पत्ति के मालिक एवं अन्य सहस्वामिक का नाम सहित बेचे जाने वाली सम्पत्ति का विवरण जहां सम्पत्ति किसी अन्य व्यक्ति से म०- मालिक है	सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व	किसी भी भार का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है	विवाद आदि कोई है जो कि सम्पत्ति के संबंध में आगे आया है एवं अन्य कोई जानकारी [illegible]
1	[illegible] 1048.70 [illegible]		जानकारी नहीं	

मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर द्वारा दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को दिया गया। (सील) (संजू स्नेही) वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली

NOTICE OF ADJOURNED MEETING TIMES LOGISTICS LIMITED

Notice is hereby given that the 13th Annual General Meeting of the members of the company which was proposed to held on Monday, 30th September, 2019 was adjourned for the want of quorum will be held on Monday, 07th October, 2019 at the registered office of the company ie 3rd Floor, XX-118/1, Main Najafgarh Road, Near Swatantra Bharat Mill, Main Gate, Delhi-110015, India at 12.00 pm to transact the business as specified in the notice convening the 13th Annual General Meeting which has been sent by the permitted mode as per the provision of The Companies Act, 2013 and Rule framed thereunder, to every concerned share holders individually.

By order of the Board
For Times Logistics Limited
Mayank Gupta, Director (DIN-08534231)
Add.: H.No. 13 Road No. 42, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026

यूको बैंक सहस्त्रधारा रोड शाखा देहरादून

कब्जा सम्बन्धी नोटिस
(नियम 8(1) अचल सम्पत्ति हेतु)

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 (2002 का एक्ट न0 54) तथा सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) नियम 2002 नियम 3 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूको बैंक ने सम्बन्धित ऋणी के नाम के सामने दर्शाये गए खाते में उसके नाम के सामने दी गई तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणियों/गारन्टरों द्वारा राशि अदा करने में असफल होने पर ऋणी और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्तियों का कब्जा नीचे लिखी तिथि को ले लिया गया है। ऋणियों/गारन्टरों को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्ति से किसी प्रकार का लेन-देन **यूको बैंक, सहस्त्रधारा रोड शाखा देहरादून** को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है। **(कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है)**

ऋणी एवं गारन्टर का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि	मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि	कब्जा नोटिस की तिथि
श्री हरि कृष्ण डौंडियाल पुत्र महानन्द एवं श्रीमती मीना डौंडियाल पत्नी हरि कृष्ण डौंडियाल	3 बीएचके फ्लैट जो कि भवन के फ्लोर न0-2 पर स्थित है, भूमि खतौनी न0 62, खसरा न0 570K, क्षेत्रुल 1465 वर्ग फीट, मौजा तरला नागल परगना परवा दून जिला देहरादून। सीमायें:- दक्षिण: मीना डौंडियाल की सम्पत्ति, उत्तर: 14 फीट चौड़ा, पूर्व: श्रीमती मीना डौंडियाल की सम्पत्ति, पश्चिम: अन्य की सम्पत्ति	16.07.2019	रु0 **34,83,801/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	**26.09.2019**

दिनांक: 01.10.2019 प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

State Bank of India भारतीय स्टेट बैंक

एसएएम शाखा-II, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी 1, टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली- 110001

कब्जा सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम सं. 54) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे तालिका में वर्णित तिथि को जारी कर सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए भारतीय स्टेट बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक/ संपत्ति के स्वामी/ गारन्टर का नाम	गिरवी सम्पत्ति का विवरण	धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना में वर्णित राशि	मांग सूचना तिथि	कब्जा की तिथि
मै. शारदा मा एण्टरप्राईजेज (पी) लि. (1) 14 डी, आत्मा राम हाउस, 1, टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली- 110001 तथा 2) श्री नरेन्द्र जिन्दल, डी-329, विवेक विहार, दिल्ली-110095, 3) श्रीमती बेला अगरवाल, पत्नी श्री नरेन्दर जिन्दल, डी-329, विवेक विहार, दिल्ली-110095, 4) श्री संदीप अगरवाल, पुत्र श्री गुलजारी लाल अग्रवाल, डी-142, विवेक विहार, दिल्ली- 110095, 5) ग्लिट्ज ट्रेडर्स प्रा.लि. डी-329, विवेक विहार, दिल्ली-110095	खसरा नं. 570/1, 571/52/2/1, 573, 574 एवं 575, नं. बी-46, पी.एच.नं. 45, ग्राम कच्छगावन, जिला कटनी (म.प्र.) में स्थित व्यावसायिक भूमि, माप 80,700 वर्ग फीट	रु. 508827450.74 (रुपये पचास करोड़ अठासी लाख सत्ताईस हजार चार सौ पचास एवं पैसे चौहत्तर मात्र)	22.5..2019	27.9.2019

तिथि: 27.9.2019
स्थान: कटनी (म.प्र.)

प्राधिकृत अधिकारी,
भारतीय स्टेट बैंक

अंतर्राष्ट्रीय
अहिंसा दिवस
2 अक्टूबर

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

"सत्य-अहिंसा के पुजारी"



मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा जिसमें गरीब से गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे कि भारत उनका देश है, जिसके निर्माण में उनकी आवाज़ का महत्व है। मैं ऐसे भारत के लिये कोशिश करूंगा कि जिसमें ऊँचे और नीचे वर्गों का भेद नहीं होगा और जिसमें विविध सम्प्रदायों में पूरा मेलजोल होगा।

- महात्मा गांधी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर आयोजित

गांधी सप्ताह: 2-9 अक्टूबर, 2019 | जयपुर

2 अक्टूबर, 2019

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा
प्रातः 7:30-8:15
गांधी स्टेच्यू, सचिवालय, जयपुर

गांधी मूर्ति स्थल पर कार्यक्रम
प्रातः 8:30-9:00
गांधी सर्किल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

गांधी प्रदर्शनी एवं खादी मेले का उद्घाटन
प्रातः 11:00 से अपराह्न 11:45
जवाहर कला केन्द्र, जयपुर, 2-9 अक्टूबर, 2019

गांधी उत्सव ('सहर' संस्था द्वारा) का शुभारम्भ
दोपहर 12:00-12:30
सेन्ट्रल पार्क, जयपुर, 2-9 अक्टूबर, 2019

भजन संध्या एवं सरोद वादन : सुनन्दा शर्मा, उस्ताद अमज़द अली खान
सायं 6:30-8:00, सेन्ट्रल पार्क, जयपुर

3 अक्टूबर, 2019

उद्घाटन समारोह
प्रातः 10:00 से 11:30
बिड़ला सभागार, जयपुर

सामाजिक कल्याण सत्र
प्रातः 11:30 से अपराह्न 1:30
बिड़ला सभागार, जयपुर

गांधी एक्सपो
प्रातः 11:00 से सायं 6:00
बिड़ला सभागार, जयपुर

स्वच्छता सम्मेलन
दोपहर 3:30 से सायं 5:30
बिड़ला सभागार, जयपुर

खादी हेरिटेज शो (प्रसाद बिड़प्पा द्वारा) की प्रस्तुति
सायं 7:00 से रात्रि 8:30
बिड़ला सभागार, जयपुर

4 अक्टूबर, 2019

महिला स्वयं-सहायता समूहों की कार्यशाला
प्रातः 10:30 से अपराह्न 1:00
बिड़ला सभागार, जयपुर

गांधी एक्सपो
प्रातः 11:00 से सायं 6:00
बिड़ला सभागार, जयपुर

खादी संगोष्ठी
अपराह्न 3:00 से सायं 5:00,
बिड़ला सभागार, जयपुर

'भारत भाग्य विधाता' नाटक (श्रीमद् राजचंद्र मिशन द्वारा) का मंचन
सायं 7:00 से रात्रि 8:30, बिड़ला सभागार, जयपुर

आप सादर आमंत्रित हैं

राष्ट्रपिता बापू के सिद्धांतों पर अमल करते हुए उनके सपनों को साकार करना ही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

अशोक गहलोत

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद

खबर कोना

दक्षिण अफ्रिका के साथ टैस्ट मैच से पहले विशाखापत्तनम में प्रेस को संबोधित करने के बाद एक फैन के साथ तस्वीर खिंचाते कप्तान विराट कोहली ।

भारत-ब्रिटेन मैच गोलरहित ड्रा छूटा

मारलो (इंग्लैंड), 1 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के अपने दौरे का तीसरा मैच मंगलवार को गोलरहित ड्रा खेला। दोनों टीमों ने सतर्क शुरुआत की। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर के आखिर में आक्रामक रवैया अपनाया और पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी आक्रामक रवैया अपनाया। लेकिन ब्रिटिश टीम ने इसका भी शानदार बचाव किया। भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरू में भी पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन उसने इसे भी खराब कर दिया। दोनों टीमों ने चौथे क्वार्टर में भी गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

टायर निर्माता कंपनी सिएट के साथ करार किया श्रेयस ने

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर(जनसत्ता)

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने टायर निर्माता कंपनी सिएट के साथ एक करार किया है। इसके तहत वह कंपनी के लोगो वाला बल्ला इस्तेमाल करेंगे। अय्यर से पहले रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, शुभमन गिल, मयंक अग्रवाल और हरमनप्रीत कौर जैसे स्टार खिलाड़ी सिएट से जुड़े हुए हैं। अय्यर अब खेल के सभी प्रारूपों में अपने बल्ले पर सिएट का लोगो लगाकर खेलेंगे। मुंबई में जन्में 24 साल के अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे युवा कप्तान हैं।

कानितकर और पोवार एनसीए में बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच बने

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हरफनमौला ऋषिकेश कानितकर और स्पिनर रमेश पोवार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी के कोच होंगे। दोनों कोच एनसीए के क्रिकेट निदेशक राहुल द्रविड के प्रति जवाबदेह रहेंगे और जरूरत के मुताबिक आयु वर्ग की टीमों (भारत अंडर-19 और अंडर-23) के साथ दौरा करेंगे।

पंत की जगह लेंगे साहा, टैस्ट करिअर संवारने उतरेंगे रोहित

विशाखापत्तनम, 1 अक्तूबर (भाषा)।

बुधवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे तीन टैस्ट की श्रृंखला के पहले मैच में टैस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा नई पारी की शुरुआत करेंगे लेकिन ऋषभ पंत इस मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। पंत की जगह रिद्धिमान साहा 22 महीने में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पुष्टि की कि पंत को भारत के घरेलू सत्र के पहले टैस्ट की अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया है।

भारत इस उम्मीद के साथ उतरेगा कि रोहित सीमित ओवरों के क्रिकेट की अपनी सफलता को टैस्ट क्रिकेट में दोहरा पाएंगे रोहित ने अब तक 27 टैस्ट में 39.62 की औसत से 1585 रन बनाए हैं जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके नाम पर 11000 से अधिक रन दर्ज हैं।

कप्तान ने साथ ही पुष्टि की कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इस मैच में खेलेंगे। पिछले साल दिसंबर में एडिलेड टैस्ट में जीत के दौरान चोटिल होने के बाद से अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। बाकी टीम लगभग तय नजर आती है। भारत इस मैच में दो तेज गेंदबाजों और इतने ही स्पिनरों के साथ उतर सकता है। अगर विकेट से टर्न मिलता है तो हनुमा विहारी तीसरे स्पिनर की भूमिका निभा सकते हैं।

वहीं जसप्रीत बुमराह का बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है लेकिन इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी की जोड़ी उनकी गैरमौजूदगी में भी पूरी तरह से सक्षम है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम एकादश में रविंद्र जडेजा के रूप में एकमात्र स्पिनर को टीम में जगह मिली थी और यहां उन्हें अश्विन का साथ मिलेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत दौरे पर कुछ नए खिलाड़ियों के साथ आई है। उसके खिलाफ मेजबान टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कप्तान फाफ डु प्लेसिस सहित मौजूदा टीम के सिर्फ पांच खिलाड़ी पिछली बार भारत दौरे पर आई टीम का हिस्सा थे, जिसे तब टैस्ट श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका को काफी लोग श्रृंखला में जीत का दावेदार नहीं मान रहे।

प्रैक्टिस के दौरान भारतीय कोच और चेतेश्वर पुजारा

टीमें इस प्रकार हैं-

भारत : विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रिद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, इशांत शर्मा और शुभमन गिल।

दक्षिण अफ्रीका : फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), तेम्बा बावुमा, थ्युनिस डि ब्रुयिन, क्विंटन डिकाक, डीन एल्गर, जुबैर हमजा, केशव महाराज, एडन मार्कराम, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, एरिक नॉर्टजे, वरनन फिलेंडर, डेन पीट, कागिसो रबादा और रूडी सेकेंड।

मैच सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

'रोहित को पर्याप्त मौके मिलेंगे'

कोहली ने रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा कि शर्मा को टैस्ट में खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त मौके दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हम उनके साथ जल्दबाजी करने के मूड में नहीं है। आप भारत और विदेशों में अलग-अलग योजना के साथ मैदान में जाते हैं। पारी का आगाज करना ऐसी जिम्मेदारी है जहां खिलाड़ी को अपना खेल समझने के लिए समय चाहिए होता है। रोहित को खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।'

'साहा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर'

खराब फार्म से जूझ रहे ऋषभ पंत की जगह रिद्धिमान साहा लेंगे। कोहली ने कहा, 'हां, साहा फिट है और खेलने को तैयार है। वह हमारे लिए श्रृंखला की शुरुआत करेंगे। उसकी विकेटकीपिंग से सभी वाकिफ हैं। उसे जब भी मौका मिला तो उसने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि चोट के कारण वह बाहर रहा। मेरे अनुसार वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर है।'

बेल्जियम को हराया, भारत की लगातार चौथी जीत

एंटवर्प (बेल्जियम), 1 अक्तूबर (भाषा)।

हॉकी

भारतीय पुरुष हाकी टीम ने विश्व और यूरोपियन चैपिंयन बेल्जियम को हराकर मंगलवार को लगातार चौथी जीत दर्ज की। अमित रोहिदास (10वें मिनट) और सिमरनजीत सिंह (52वें मिनट) ने विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज टीम के लिए गोल किए। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम के लिए इकलौता गोल फेलिक्स डेनयार ने मैच के 33वें मिनट में किया।

पिछले मैच में स्पेन को 5-1 से हराने वाली भारतीय टीम मैच के शुरुआत से ही लय में दिखी। टीम को मुकाबले के 10वें मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला जिसे रोहिदास ने गोल में बदल कर भारत का खाता खोला। पहले क्वार्टर की तरह दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारतीय टीम ने दबदबा बनाया लेकिन मध्यांतर से पहले बेल्जियम ने हमला तेज कर दिया। मध्यांतर से पांच मिनट पहले बेल्जियम को पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन गोल पोस्ट पर श्रीजेश की जगह मोर्चा संभालने वाले कृष्ण बी पाठक ने शानदार बचाव कर विश्व चैंपियन को बराबरी करने से रोक

मैच के 52वें मिनट में भारतीय टीम ने शानदार खेल का नजारा पेश किया जिसे सिमरनजीत सिंह ने गोल में बदल दिया।

भारतीय महिला टीम ने दी दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त

सूरत, 1 अक्तूबर (भाषा)।

महिला क्रिकेट

युवा बल्लेबाज शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स की उपयोगी पारियों और लेग स्पिनर पूनम यादव की शानदार गेंदबाजी से भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को 51 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 17 ओवर में चार विकेट पर 140 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके जवाब में सात विकेट पर 89 रन ही बना सकी।

भारत ने पहले मैच में 11 रन से जीत दर्ज की थी जबकि दूसरा और तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीमों के बीच पांचवां टी20 मैच चार अक्टूबर को खेला जाएगा। अपने पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रही 15 वर्षीय शैफाली ने दक्षिण अफ्रीका के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाकर 33 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए जबकि रोड्रिग्स ने 22 गेंदों पर 33 रन की पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मुश्किल लक्ष्य के सामने शुरू से जूझती रही। भारतीय स्पिनरों ने उन पर अंकुश लगाए रखा। पूनम यादव ने तीन ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। राधा यादव (16 रन देकर दो) और दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया।

आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच 17 ओवर का कर दिया गया। पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले भारत को शैफाली और स्मृति मंधाना (19 गेंदों पर 13 रन) ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। शैफाली को पहले अपनी टाइमिंग से जूझना पड़ रहा था। इस बीच उन्हें और मंधाना को जीवनदान भी मिले। शैफाली शुरू से ही आक्रामक शॉट खेलने के मूड में दिखीं। लेग स्पिनर सुन लुस पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था लेकिन भाग्य भी उनके साथ था क्योंकि टुमी सेखुखुने पर लगाया गया उनका छक्का मिडविकेट पर फिल्डर के हाथ से छिटककर सीमा रेखा पार गया था।

मीराबा और तसनीम ने भारत को दिलाई जीत

कजान (रूस), 1 अक्तूबर (भाषा)।

मैसनाम मीराबा लुवांग और तसनीम मीर की अगुवाई में भारत ने मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन ग्रुप ई में आस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत दर्ज की। पहले मैच में गोवा की तनीषा क्रैस्टो और छत्तीसगढ़ के इशान भटनागर ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए आस्ट्रेलिया के जैक यु और कैटलिन इया को 21-17, 20-22, 21-11 से पराजित किया।

जूनियर विश्व नंबर दस मीराबा ने लड़कों के एकल में रियो अगस्टिनो को 21-17, 21-11 से हराकर भारत को दूसरा अंक दिलाया। लड़कियों के एकल में गुजरात की तसनीम मीर ने एंजेला यु पर 21-11, 21-15 से आसान जीत दर्ज करके भारत को 3-0 से अजेय बढ़त दिला दी।

मुंबई ने सौराष्ट्र को हराया, टूर्नामेंट में पहली जीत

बंगलुरु, 1 अक्तूबर (भाषा)।

कप्तान श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव के अर्धशतकों की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई ने मंगलवार को सौराष्ट्र को पांच विकेट से हराया जो उसकी विजय हजारे ट्राफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट में पहली जीत है। मुंबई ने एलीट ग्रुप ए के इस मैच में सौराष्ट्र को नौ विकेट पर 245 रन पर रोकने के बाद अय्यर के 75 और सूर्यकुमार के नाबाद 85 रन की बदौलत दो ओवर पहले ही लक्ष्य हासिल कर दिया। शुभम रंजने ने नाबाद 45 रन बनाए।

इससे पहले सौराष्ट्र के अधिकतर बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उसकी तरफ से अर्पित वासवदा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए जबकि चिराग जानी ने नाबाद 40 रन का योगदान दिया। मुंबई की तरफ से शार्दुल ठाकुर ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। एलीट ग्रुप ए के दूसरे मैच में हैदराबाद ने कर्नाटक को 21 रन से हराकर चार अंक हासिल किए। भारतीय टीम से बाहर चल रहे और संन्यास से वापसी करने वाले अंबाती रायुडु ने नाबाद 87 रन बनाकर हैदराबाद की तरफ से बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया जबकि बाद में बायें हाथ के स्पिनर बी संदीप ने चार विकेट लिए।

तमिलनाडु की बंगाल पर जीत में चमके कार्तिक

जयपुर, 1 अक्तूबर (भाषा)।

कप्तान दिनेश कार्तिक की 62 गेंदों पर आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 97 रन की शानदार पारी से तमिलनाडु ने मंगलवार को बंगाल को 74 रन से हराया जो विजय हजारे ट्राफी ग्रुप सी में उसकी लगातार चौथी जीत है। तमिलनाडु पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 37 ओवर में पांच विकेट पर 123 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था लेकिन बाद में कार्तिक और शाहरूख खान (नाबाद 69) के बीच शतकीय साझेदारी से वह सात विकेट पर 286 रन बनाने में सफल रहा।

इसके जवाब में बंगाल 45.3 ओवर में 212 रन पर आउट हो गया। उसकी तरफ से केवल शाहबाज अहमद (107) ही संघर्ष कर पाए। बंगाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 21 रन था। एक अन्य मैच में गुजरात ने राजस्थान पर सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। राजस्थान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40.1 ओवर में 102 रन पर ढेर हो गई।

नीलामी प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 2020 आइपीएल के लिए दिए गए 85 करोड़ रुपए

आइपीएल नीलामी 19 दिसंबर को कोलकाता में

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के अगले सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी पहली बार कोलकाता में 19 दिसंबर को होगी। अब तक अधिकांश बार खिलाड़ियों की नीलामी बंगलुरु में ही हुई है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता बॉलीवुड स्टार शाहरूख खान के सह स्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का मेजबान शहर है।

खिलाड़ियों की 'ट्रेडिंग विंडो' अभी खुली हुई है जो 14 नवंबर को बंद होगी। इस दौरान टीमें अपने खिलाड़ियों की अदला बदली करने के अलावा अपने खिलाड़ी को दूसरी टीम को बेच सकती हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार फ्रेंचाइजियों को नीलामी की जानकारी सोमवार को दी गई। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को आइपीएल 2019 नीलामी के लिए 82 करोड़ रुपए दिए गए थे जबकि 2020 सत्र के लिए यह राशि 85 करोड़ रुपए है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास तीन करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि के अलावा पिछले सत्र की बची राशि भी होगी।

दिल्ली कैपिटल के पास सबसे अधिक आठ करोड़ 20 लाख रुपए की राशि बची है जबकि राजस्थान रायल्स के पास सात करोड़ 15 लाख रुपए हैं। अगले साल फ्रेंचाइजियों के भंग होने से पहले इस साल होने वाली नीलामी अंतिम होगी। इसके बाद 2021 की टीमों के लिए नई भव्य नीलामी होगी।

पहली बार कोलकाता में नीलामी

INDIAN PREMIER LEAGUE

प्रत्येक फ्रेंचाइजी को आइपीएल 2019 नीलामी के लिए 82 करोड़ रुपए दिए गए जबकि 2020 सत्र के लिए यह राशि 85 करोड़ रुपए है पिछले सत्र की बची राशि भी होगी इनके पास *दिल्ली* कैपिटल्स के पास सबसे अधिक आठ करोड़ 20 लाख रुपए की राशि बची है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 318, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।